● वर्ष : 17 ● अंक : 222 ● मूल्य : 02 रुपया मात्र ● पृष्ठ : 08

LKS

दैनिक लोकतंत्र की शान

WWW.LKSTV.IN

दिल्ली से प्रकाशित | मंगलवार 02 जून 2026 | लोकतंत्र का स्तंभ

# भारत-म्यांमार के बीच सहयोगी संबंधों को और मजबूत बनाने पर हुई चर्चा

## व्यापार, अर्थव्यवस्था, तकनीक और कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर हुई बातचीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि म्यांमार के राष्ट्रपति की यात्रा का उद्देश्य मित्रता और सहयोग के बंधन को और मजबूत करना है। इस दौरान दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंधों को और मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई। राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग 30 मई से 03 जून तक भारत दौरे पर हैं। दौरे के पहले दिन वे बोधगया गए थे और उनका 2 जून को मुंबई दौरे का कार्यक्रम है। विदेश मंत्रालय के अनुसार म्यांमार भारत की 'पड़ोसी प्रथम', 'एक्ट ईस्ट' और 'महासागर' नीति के संगम पर स्थित है। राष्ट्रपति ह्लाइंग की भारत की आधिकारिक यात्रा से दोनों देशों के बहुआयामी संबंधों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। बैठक में व्यापार, अर्थव्यवस्था, तकनीक और लोगों के आपसी संबंधों समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। म्यांमार के राष्ट्रपति ह्लाइंग दिल्ली



स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मुलाकात करेंगे। वे दिल्ली के कुतुब गोल्फ कोर्स स्थित राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में आयोजित रिलिक्स ऑफ द अवेकेंड वन प्रदर्शनी का भी दौरा करेंगे। यह एक अहम अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी है, जिसमें भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेषों को प्रदर्शित किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले रविवार को राष्ट्रपति ह्लाइंग ने दिल्ली में एनएसए अजीत डोभाल से मुलाकात की और सुरक्षा सहयोग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। वहीं शनिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी राष्ट्रपति ह्लाइंग से मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद जयशंकर ने एक्स पर लिखा- नई दिल्ली में म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात करके खुशी हुई। भारत और म्यांमार के लंबे समय से चले आ रहे सहयोग को और गहरा करने के प्रति उनके सकारात्मक रुख की सराहना करता हूं।

## निपुणता और सिखाने की क्षमता हो, वही श्रेष्ठ शिक्षक

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर संयुक्त क्रिया (कम्पाउंड वर्ब) के महत्व को रेखांकित करते हुए एक ज्ञानवर्धक संस्कृत सुभाषित साझा किया। प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा कि कंपाउंड वर्ब का अर्थ एक शब्द की विशेषता को उससे जुड़े दूसरे शब्द में स्थानांतरित करना या जोड़ना होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस व्यक्ति में स्वयं की निपुणता और दूसरों को सिखाने की क्षमता दोनों गुण मौजूद हों, उसे ही शिक्षक के कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से करना चाहिए। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री ने संस्कृत का श्लोक शेयर किया जिसका भावार्थ है कि कुछ लोग स्वयं किसी कार्य को करने में बेहद निपुण होते हैं, जबकि कुछ अन्य लोग उस ज्ञान या कौशल को दूसरों तक बहुत प्रभावी ढंग से पहुंचाने की विशेष योग्यता रखते हैं। जिस व्यक्ति में ये दोनों गुण—अर्थात स्वयं की कुशलता और दूसरों को सिखाने की उत्तम क्षमता—निहित हों, उसे ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों की श्रेणी में सबसे अग्रणी स्थान दिया जाना चाहिए। इससे पहले भी प्रधानमंत्री ने निरंतर सुभाषितों के माध्यम से देशवासियों को प्रेरित किया है। उन्होंने विनम्रता, क्षमाशीलता और उत्तम आचरण को लेकर एक श्लोक साझा करते हुए लिखा था कि ये गुण ही मानव व्यक्तित्व के सच्चे आभूषण हैं। इन जीवन मूल्यों के साथ ही आज देशवासी विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में निरंतर जुटे हुए हैं। उन्होंने गीता के श्लोक तेजः क्षमा धृतिः शौचमद्रोहो नातिमानिता।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय



### गुटखा प्रतिबंधित फिर भी 42 फ़ीसद बढ़े ओरल कैंसर के मरीज

केंद्र सरकार और राज्य सरकारों द्वारा ओरल कैंसर के मामलों को रोकने के लिए पिछले 12 वर्षों से गुटखा प्रतिबंध लागू कर रखा है। इसके बाद भी ओरल कैंसर के मरीजों की संख्या कम होने के स्थान पर साल-दर-साल बढ़ती चली जा रही है। सरकारी दावे और जमीनी हकीकत दोनों एक दूसरे के विपरीत हैं। 1 अप्रैल 2012 को मध्य प्रदेश सरकार ने गुटके पर प्रतिबंध लगाया था, उसके बाद गुटखा कंपनियों ने तुम डाल-डाल हम पात-पात की नीति अख्तियार करते हुए पैकिंग को बदल दिया। पान मसाला और तंबाकू की पैकिंग को अलग-अलग करते हुए ग्राहकों को पान मसाला के साथ तंबाकू के पैकेट को भी साथ में दिया जाने लगा, जिसके कारण सरकार ने जो प्रतिबंध लगाया था वह एक छलावा बनकर रह गया है।

सरकार के आदेश पर गुटखा की पैकिंग में यह चेतावनी भी प्रकाशित की जाने लगी कि गुटखा खाना जानलेवा है। इस प्रकार प्रतिबंध लगाते समय जो सरकार ने सोचा था ठीक उसके विपरीत परिणाम देखने को मिल रहे हैं। तंबाकू और पान मसाला की पैकिंग अलग-अलग होने के कारण पहले निश्चित मात्रा में गुटखा के पाउच के साथ मिली हुई तंबाकू आती थी, लेकिन जब से पैकिंग अलग हुई है उसके बाद लोगों ने ज्यादा तंबाकू खाना शुरू कर दिया है, वह अपनी इच्छा के अनुसार पान मसाले में तंबाकू मिला लेते हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश के जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल के जो आंकड़े सामने आए हैं उसके अनुसार पिछले 14 वर्षों में ओरल कैंसर के मामले 42 फ़ीसदी तक बढ़ गए हैं। हर साल इसमें वृद्धि देखने को मिल रही है। 2012 में इस अस्पताल में 1836 ओरल कैंसर के मरीज आए थे जो 2025 में बढ़कर 2614 हो गए।

यह केवल एक कैंसर हॉस्पिटल का आंकड़ा है। देश में इस बीच में कई कैंसर के नए अस्पताल खुले हैं, उनमें भी ओरल कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती चली जा रही है। कैंसर हॉस्पिटल और डॉक्टरों द्वारा इस पर चिंता व्यक्त की जा रही है। सरकार के प्रतिबंध लगाने के बाद गुटखा खाने वालों की संख्या पहले की तुलना में और ज्यादा बढ़ी है। पान मसाला और तंबाकू की अलग-अलग पैकिंग होने के कारण तंबाकू बड़े पैमाने पर खाई जा रही है। ओरल कैंसर के मरीज जो गुटखा खाते हैं कुछ समय के बाद उनका मुंह पूरा नहीं खुलता है। तंबाकू में मौजूद हानिकारक नाइट्रोसामाइंस गलों के अंदर की कोशिकाओं के डीएनए को सीधे नुकसान पहुंचाते हैं। इसके बाद इसमें ट्यूमर बनने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। पान मसाला में चूना मुंह की त्वचा को नुकसान पहुंचता है। तंबाकू में मौजूद निकोटिन और कर्सीनोजेनिक रसायन खून के साथ मिलकर तेजी के साथ ट्यूमर बनाने की प्रक्रिया में शामिल होते हैं, जिसके कारण ओरल कैंसर के मरीज का मुंह पूरा नहीं खुल पाता है, उसे खाने-पीने में तकलीफ होने लगती है। लगातार दर्द बढ़ता चला जाता है।

**सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक**
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### गडकरी ने की पश्चिम बंगाल की एनएच परियोजनाओं की समीक्षा, मानसून को लेकर दिए निर्देश



**नई दिल्ली**। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पश्चिम बंगाल की 3,748 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता और रखरखाव की समीक्षा की। यह समीक्षा मीडिया और सोशल मीडिया से प्राप्त इनपुट्स के आधार पर की गई। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि सोमवार को यहां आयोजित बैठक में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल), मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और परियोजना ठेकेदार शामिल हुए। गडकरी ने बैठक में जमीनी स्तर पर कार्य में तेजी लाने, गुणवत्ता निगरानी को मजबूत करने और आधुनिक निर्माण पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे परियोजनाओं की आयु बढ़ेगी, सवारी की गुणवत्ता सुधरेगी और निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को अग्रिम मानसून तैयारी के निर्देश भी दिए। इसमें प्रभावी जल निकासी प्रबंधन, ढलान सुरक्षा उपाय और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली शामिल हैं, ताकि बारिश के दौरान यातायात में व्यवधान कम हो और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### जेईई एडवांस्ड-2026 की परीक्षा में 56,880 अभ्यर्थी सफल, कट-ऑफ में 18 अंक की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली**। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की ने आज संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड-2026 का परिणाम घोषित कर दिया। इस वर्ष परीक्षा में दिल्ली जोन के शुभम कुमार ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर दिल्ली जोन के कबीर छिल्लर रहे, जिन्होंने 329 अंक प्राप्त किए, जबकि जतिन चाहर 319 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस तरह शीर्ष तीनों स्थानों पर दिल्ली जोन के अभ्यर्थियों का कब्जा रहा। आईआईटी रुड़की ने परिणाम निर्धारित समय से पहले जारी करते हुए अंतिम उत्तर कुंजी भी प्रकाशित कर दी। अभ्यर्थी अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर रोल नंबर, जन्मतिथि और पंजीकृत मोबाइल नंबर की सहायता से देख सकते हैं। इस वर्ष जेईई एडवांस्ड के लिए 1,87,389 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। इनमें से 1,79,694 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 56,880 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया। सफल अभ्यर्थी अब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश के लिए संयुक्त सीट आवंटन प्रक्रिया (जोसा) की काउंसिलिंग में भाग ले सकेंगे। सफल अभ्यर्थियों में 10,107 छात्राएं भी शामिल हैं। इस बार सामान्य वर्ग की कट-ऑफ 92 अंक रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 18 अंक अधिक है। विषयवार कट-ऑफ 8 अंक निर्धारित की गई। लगभग 31.65 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं, जो पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन माना जा रहा है। जोन के आधार पर भी कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## सकारात्मक कामों की अच्छी रिपोर्टिंग की जानी चाहिए, तभी युवाओं को सही जानकारी मिलेगी

### सीजेपी का नाम लिए बगैर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने दी प्रतिक्रिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का नाम लिए बगैर भारत के उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने कहा कि अगर मीडिया और समाज युवाओं को अच्छी उपलब्धियों और सकारात्मक कामों को नहीं दिखाएगा तो युवा निराश होकर इंटरनेट के भ्रामक ट्रेंड्स या कॉकरोच के पीछे चलने लगेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज को सही राह दिखाने और लोगों का भरोसा मजबूत करने के लिए रचनात्मक पत्रकारिता जरूरत है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक समारोह में बतौर चीफ गेस्ट शामिल हुए राधाकृष्णन ने कहा कि सकारात्मक विकास पर मीडिया में ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे युवाओं को सही जानकारी और आदर्श मिल सकें। उन्होंने कहा कि सकारात्मक कामों की अच्छी तरह से रिपोर्टिंग की जानी चाहिए। तभी युवाओं को सही जानकारी मिलेगी, वरना वे रुचि खो देंगे और 'कॉकरोच' की राह पर चल पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की लीडरशिप में भारत आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है, ऐसे में जिम्मेदार मीडिया संस्थानों की भूमिका और भी अहम हो जाती है। उन्होंने कहा कि हम 2047 तक सबसे विकसित देश बनना चाहते हैं। समाज के हर वर्ग के योगदान के बिना यह लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उन्होंने उन मुद्दों पर ज्यादा ध्यान देने की प्रवृत्ति पर सवाल उठाया, जो समय की कसौटी के हिसाब से जरूरी नहीं हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के नए रास्ते खोजने के मुद्दे पर हुई चर्चा

### रक्षा मंत्री राजनाथ ने ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम और डिफेंस मिनिस्टर से बातचीत की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में अपने समकक्ष और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ इंडिया-ऑस्ट्रेलिया डिफेंस मिनिस्टर्स डायलॉग की सह-अध्यक्षता की। इस डायलॉग में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में हुई प्रगति का आकलन करने के साथ ही आपसी सहयोग के नए रास्ते खोजने के मुद्दे पर चर्चा की गई। भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी आने वाले वर्षों में लगातार प्रगति करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ द्विपक्षीय वार्ता करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, "मैं आपकी



सरकार को हाल ही में जारी की गई 2026 की 'राष्ट्रीय रक्षा रणनीति' और 'एकीकृत निवेश कार्यक्रम' के लिए बधाई देना चाहूंगा। आज की चर्चा के दौरान मैं इस नीति दस्तावेज पर और भारत-ऑस्ट्रेलिया के रक्षा संबंधों में विकास की संभावनाओं पर आपके विचारों को जानने के लिए उत्सुक हूं।" उन्होंने कहा कि हमने मिलकर द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के संपूर्ण दायरे की समीक्षा की और इसे और अधिक बढ़ाने के तरीकों और उपायों पर चर्चा की। राजनाथ सिंह ने दूसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्रियों के संवाद से पहले नई दिल्ली पहुंचने पर ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री मार्लेस का स्वागत किया। बाद में रिचर्ड मार्लेस को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में तीनों सेनाओं की ओर से 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि और नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन की मौजूदगी में 'डिफेंस मिनिस्टर्स डायलॉग' में रक्षा सहयोग की समीक्षा करने के साथ ही भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए नए अवसरों की तलाश की गई। रिचर्ड मार्लेस का यह दौरा अक्टूबर 2025 में ऑस्ट्रेलिया में हुई पहली 'डिफेंस मिनिस्टर्स डायलॉग' के बाद हो रहा है और यह इंडिया-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बढ़ती रफ्तार को दिखाता है।

## राज्यसभा की 27 सीटों और 3 राज्यों की विधान परिषदों के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू

**नई दिल्ली**। चुनाव आयोग ने सोमवार को राज्यसभा की 27 सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव व उपचुनावों के साथ-साथ 3 राज्यों की राज्य विधान परिषदों के लिए होने वाले चुनाव से जुड़ी अधिसूचनायें जारी की है। इसके साथ ही आज से इनके लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्यसभा के लिए 10 राज्यों की 24 सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव और महाराष्ट्र, तमिलनाडु और ओडिशा की एक-एक सीट के लिए उपचुनाव होना है। इसके लिए बिहार और कर्नाटक की विधानपरिषद के लिए क्रमशः 9 और 7 सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव तथा बिहार की एक विधानपरिषद सीट पर उपचुनाव होना है। आयोग के अनुसार द्विवार्षिक और उपचुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारी की नियुक्त कर दी है। चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया आज (1 जून) शुरू हो चुकी है और 8 जून दोपहर तीन बजे तक नामांकन भरे जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 9 जून को होगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 11 जून है। मतदान 18 जून को सुबह 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक होंगे और उसी दिन शाम 5:00 बजे मतगणना की जाएगी।

## देश में पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त भंडार: सरकार



**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। पश्चिम एशिया संकट के बावजूद हम कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति को बनाए रखने में सफल रहे हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने अंतर-मंत्रालयी पत्रकार वार्ता में दावा करते हुए कहा कि हमारे पास पूरे देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। हालांकि कुछ जगहों से ऐसी रिपोर्ट सामने आई हैं जिनमें पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री असामान्य रूप से ज्यादा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों में एलपीजी से संबंधित 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं, जबकि तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शर्मा ने बताया कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से निगरानी और प्रवर्तन तंत्र को मजबूत करने का अनुरोध किया गया है। तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने भी 460 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर अचानक निरीक्षण किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 42 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरों पर जुर्माना लगाया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट में पांच नए जजों की नियुक्ति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की सर्वोच्च अदालत में न्यायिक क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। इन नियुक्तियों के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में कार्यरत जजों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है, जबकि अब केवल एक पद रिक्त रह गया है। नियुक्त किए गए नए न्यायाधीशों में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू, बॉम्बे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस आलोक अराधे, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा, जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अरुण पल्ली तथा वरिष्ठ अधिवक्ता सुब्रमणि मोहना शामिल हैं। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद इन सभी की नियुक्ति औपचारिक रूप से प्रभावी हो गई है। यह



नियुक्तियां केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लाए गए सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) संशोधन अध्यादेश, 2026 के बाद हुई हैं। इस अध्यादेश के तहत सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 से बढ़ाकर 38 कर दी गई है। बढ़ते मुकदमों और लंबित मामलों के दबाव को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है। कानून मंत्रालय के अनुसार, न्यायाधीशों की संख्या बढ़ने से लंबित मामलों के निपटारे में तेजी आएगी और महत्वपूर्ण संवैधानिक मामलों की सुनवाई के लिए संविधान पीठों का गठन अधिक नियमित रूप से किया जा सकेगा।

### ग्रीष्मावकाश में युवा वकीलों को पक्ष रखने का मिलेगा मौका

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीष्मावकाश के दौरान सुनवाई की प्रक्रिया को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। शीर्ष अदालत के न्यायाधीश जस्टिस विक्रम नाथ ने स्पष्ट किया है कि आंशिक न्यायालय कार्य दिवसों के दौरान उनकी पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ताओं (सीनियर एडवोकेट्स) को न तो मामलों का उल्लेख करने और न ही दलीलें रखने की अनुमति दी जाएगी। इस अवधि में केवल युवा वकील और एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड (एओआर) ही अदालत में पक्ष रख सकेंगे। सोमवार को सुनवाई शुरू होते ही जस्टिस विक्रम नाथ ने यह घोषणा की।

## भारत में 'दिव्यास्त्र' ड्रोन बनाने का रास्ता साफ, दिव्यास्त्र मार्क-1 का भरोसेमंद प्रदर्शन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अब भारत में 'दिव्यास्त्र' ड्रोन बनाने का रास्ता साफ हो गया है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद जरूरतों को देखते हुए लॉन्ग रेंज ड्रोन विकसित करने की कोशिशों में भारत को बड़ी सफलता मिली है। भारत के स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम को बढ़ावा देते हुए उत्तर प्रदेश के लखनऊ की डिफेंस स्टार्टअप कंपनी होवरइट ने दिव्यास्त्र मार्क-1 विकसित करके सफल परीक्षण भी कर लिया है। राजस्थान के जोधपुर में 50 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रेगिस्तानी तापमान और तेज हवाओं में टेस्ट किए जाने पर इस प्लेटफ़ॉर्म ने मुश्किल फील्ड स्थितियों में भी भरोसेमंद प्रदर्शन दिखाया। कंपनी के अनुसार दिव्यास्त्र मार्क-1 ने अपने ऑपरेशनल प्रदर्शन सफलतापूर्वक पूरे किए, जिसमें वाहन पर लगे मोबाइल लॉन्चर से

### जोधपुर में 50 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रेगिस्तानी तापमान में मोबाइल लॉन्चर से किया गया परीक्षण



कई लॉन्च, लाइव आईएसआर मिशन और टर्मिनल अटैक प्रोफाइल शामिल थे। इस प्रदर्शन के हिस्से के तौर पर दिव्यास्त्र मार्क-1 यूएवी को एक वाहन पर लगे मोबाइल लॉन्चर से कई बार सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इससे प्लेटफॉर्म की तेजी से तैनात होने की क्षमता, युद्ध के मैदान में गतिशीलता और जमीनी हालात में टैक्टिकल लॉन्च की तैयारी का प्रदर्शन हुआ। इस अभ्यास ने ऑपरेशनल माहौल में गतिशील आईएसआर और टोही मिशनों में मदद करने की यूएवी की क्षमता को भी और पुख्ता किया। दिव्यास्त्र मार्क-1 स्वदेशी टैक्टिकल यूएवी है, जिसे खुफिया जानकारी, निगरानी, टोही और सटीक हमले के मिशनों के लिए विकसित किया गया है। 500 किलोमीटर तक की ऑपरेशनल रेंज और 5 घंटे तक की उड़ान क्षमता के साथ इस प्लेटफॉर्म को लंबे समय तक निगरानी, लक्ष्य की पहचान और टैक्टिकल कार्रवाई की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस यूएवी को पेलोड, संचार रिले सिस्टम और मिशन-विशिष्ट वॉरहेड कॉन्फ़िगरेशन के साथ कॉन्फ़िगर किया जा सकता है, जिससे यह अलग-अलग तरह के मिशनों में ऑपरेशनल किया जा सकता है। 'दिव्यास्त्र' नाम से भारत में दो प्रमुख और अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियां विकसित की गई हैं।

## मेरठ में नेशनल कबड्डी खिलाड़ी की अपहरण के बाद हत्या

### नाले में मिला कंकालनुमा शव

**मेरठ**। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां नेशनल स्तर की कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का की अपहरण के बाद बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने रोहटा रोड स्थित एक नाले से मृतका का कंकालनुमा शव बरामद कर लिया है। अनुष्का गत 15 अप्रैल से लापता थी, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके पिता ने कंकरखेड़ा थाने में दर्ज कराई थी। करीब डेढ़ महीने तक कोई सुराग न मिलने पर जब परिजनों ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की, तब पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी श्याम धानक को गिरफ्तार किया, जो मूल रूप से देहरादून का निवासी है और चंडीगढ़ भाग गया था। पहले शराब पिलाई फिर सिर कुचलकर हत्या कर दी। पुलिस पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि आरोपी रोहटा रोड पर एक फास्ट फूड कॉर्नर चलाता था, जहां अनुष्का अक्सर अपनी सहेली के साथ जाती थी। दुकान के करीब 3600 रुपये के बकाए पैसों को मांगने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। विवाद के दौरान अनुष्का द्वारा मजाक में की गई एक टिप्पणी से नाराज होकर आरोपी ने उसी रात उसका अपहरण कर लिया।



## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने नागेंद्र नाथ को बनाया राष्ट्रीय संगठक



**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को पार्टी का राष्ट्रीय संगठक (वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क) नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी है।भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं केंद्रीय मुख्यालय के प्रभारी अरुण सिंह ने सोमवार को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को पार्टी का नया राष्ट्रीय संगठक नियुक्त किया गया है। ये नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। उनका केंद्र दिल्ली होगा।भाजपा में यह पद नया है, जिसका सृजन वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं की समस्या, सुझाव सुनने के लिए किया गया है। इससे पहले वह बिहार एवं झारखंड राज्यों के संयुक्त क्षेत्रीय संगठन महामंत्री के तौर पर कार्य कर रहे थे। इन दो राज्यों के संयुक्त दायित्व से पहले उन्होंने बिहार भाजपा के महामंत्री संगठन के रूप में कार्य किया। बिहार से पहले वे उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन थे। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के संतकबीर नगर जिले के निवासी नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरूआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में की थी।नगर प्रचारक, जिला प्रचारक और विभाग प्रचारक के रूप में कार्य करने के बाद उनको अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में भेज दिया गया था। इसके बाद उनको उत्तर प्रदेश भाजपा का प्रदेश महामंत्री संगठन बनाया गया था।

### दिल्ली दंगाः हाई कोर्ट जज अमित शर्मा ने ताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग किया




**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय के जज अमित शर्मा ने 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों की साजिश रचने के आरोपित ताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। जमानत याचिका पर अब वह बेंच सुनवाई करेगी, जिसके सदस्य जस्टिस अमित शर्मा नहीं होंगे। अगली सुनवाई 10 जून को होगी।ताहिर हुसैन की जमानत याचिका जस्टिस सौरभ बनर्जी की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच के समक्ष लिस्टेड थी, लेकिन बेंच के दूसरे सदस्य जस्टिस अमित शर्मा ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया। इससे पहले 29 जनवरी को कड़कड़डूमा कोर्ट ने ताहिर हुसैन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कड़कड़डूमा कोर्ट के आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। ताहिर हुसैन के खिलाफ 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश रचने का आरोप है। वो आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में भी आरोपित है।आईबी अधिकारी अंकित शर्मा के पिता रविंद्र कुमार 26 फरवरी, 2020 को दयालपुर थाने आए और कहा कि उनका बेटा 25 फरवरी को अपने दफ्तर से लौटकर शाम को कुछ सामान खरीदने गया था। रात तक इंतजार करने के बाद उन्होंने गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखवाई। उसके बाद उन्हें कुछ लड़कों ने बताया कि एक लड़के को मारकर खजूरी खास नाले में फेंक दिया गया है। उसी नाले से अंकित शर्मा का शव निकाला गया। इसके अलावा ताहिर हुसैन के खिलाफ दिल्ली दंगों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का मामला भी दर्ज है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सह आरोपित अमित गुप्ता सरकारी गवाह बन चुका है।

### राजस्थान भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री बने अजेय कुमार

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तराखंड के प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार को राजस्थान का नया प्रदेश संगठन महामंत्री नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी है।भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से सोमवार को जारी बयान में इसकी जानकारी दी गयी है।राजस्थान के प्रदेश संगठन महामंत्री का यह पद जनवरी 2024 से खाली था। तत्कालीन संगठन महामंत्री चंद्रशेखर के तेलंगाना स्थानांतरण के बाद से राजस्थान भाजपा बिना संगठन महामंत्री के कार्य कर रही थी।भाजपा के एक पदाधिकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के मूल निवासी अजेय कुमार सितंबर 2019 से अब तक उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन के रूप में कार्य कर रहे थे। उत्तराखंड में सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और पार्टी कैडर को मजबूत बनाए रखने के लिए उनकी कार्यशैली की काफी तारीफ हुई थी। उत्तराखंड से पहले अजेय कुमार ने उत्तर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र के भाजपा महामंत्री संगठन के रूप में कार्य किया। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में की थी। संघ के प्रचारक के रूप में उन्होंने उत्तराखंड में लंबे समय तक काम किया। वे उत्तराखंड के श्रीनगर में नगर प्रचारक रहे। इसके बाद हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर जिलों के जिला प्रचारक के रूप में कार्य किया। उन्होंने इसके बाद अल्मोड़ा के विभाग प्रचारक का दायित्व भी संभाला।



### संगठनात्मक बदलावों से पहले दिल्ली में भाजपा की बैठक शुरू

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठनात्मक बदलावों और आगामी चुनावों की तैयारियों पर मंथन के लिए सोमवार को पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों की यहां बैठक चल रही है। भाजपा के विस्तार कार्यालय में चल रही इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कर रहे हैं। बैठक में सभी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महामंत्री संगठन बीएल संतोष, महामंत्री विनोद तावड़े, राधा मोहन अग्रवाल, तरुण चुग, सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष मौजूद हैं।सूत्रों के मुताबिक इस बैठक के मुख्य बिंदु केंद्र में सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा तैयार करना, बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने और विभिन्न राज्यों में पार्टी की गतिविधियों का आकलन और आगामी चुनावों की तैयारियों एवं संगठनात्मक बदलावों पर विस्तृत मंथन करना है। सांगठनिक परंपरा के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष जून में अपनी नई टीम की घोषणा करने वाले हैं, इसलिए वर्तमान स्वरूप में कई पदाधिकारियों की यह आखिरी बैठक हो सकती है। इससे पहले पार्टी मई में ही चार प्रदेश अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर चुकी है और जल्द ही पूरी नई टीम का एलान होने की संभावना है।




### उपराष्ट्रपति से मिले असम के मुख्यमंत्री, विभिन्न विकास योजनाओं पर की चर्चा

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को यहां उपराष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। पदभार संभालने के बाद मुख्यमंत्री की यह पहली मुलाकात है। इस दौरान असम के विकास और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई।उपराष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आज उपराष्ट्रपति भवन में उपराष्ट्रपति से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने कहा कि उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से मुलाकात करके उन्हें असम के विकास की कहानी के बारे में जानकारी देते हुए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। सार्वजनिक जीवन में विनम्रता, कड़ी मेहनत और समर्पण के प्रतीक राधाकृष्णन से मिलना हमेशा एक सीखने वाला अनुभव होता है।

# जल अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए 'महा ऑन वाटर' कार्यक्रम शुरू, इसरो से एमओयू

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** देश में जल संसाधन प्रबंधन, पेयजल सुरक्षा और जल संरक्षण के क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को नई गति देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 'मिशन फॉर एडवांसमेंट ऑफ हाई-इम्पैक्ट एरियाज फॉर वॉटर' (महा ऑन वाटर) कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस महत्वाकांक्षी पहल के तहत जल शक्ति मंत्रालय और राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) संयुक्त रूप से 200 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे।जल शक्ति मंत्रालय ने सोमवार को डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में जल क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्घाटन केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी और वी सोमन्ना भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में स्टार्टअप्स और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को प्रोत्साहित करने के लिए उत्पाद एवं प्रोटोटाइप विकास के लिए कंपनियों और स्टार्टअप्स को आमंत्रित भी किया गया है। साथ ही जल शक्ति मंत्रालय और इसरो के बीच उपग्रह आधारित जल अनुसंधान, जल गुणवत्ता निगरानी, नदी प्रवाह विश्लेषण तथा जल संरक्षण तकनीकों के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'महा ऑन वॉटर' (जल के लिए उच्च-प्रभाव वाले क्षेत्रों में प्रगति का मिशन) की शुरुआत थी। यह जल शक्ति मंत्रालय और एएनआरएफ की एक संयुक्त पहल है। इसका उद्देश्य जल संसाधन प्रबंधन, पेयजल, जलवायु अनुकूलन और जल-उपयोग दक्षता जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अत्याधुनिक अनुसंधान को बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत अनुसंधान प्रस्तावों के लिए 'ओपन कॉल' (खुला आमंत्रण) दिया गया। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने जल को भारत की सभ्यता की आधारशिला बताते हुए कहा कि जल जीवन मिशन देश की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण आधार है। राष्ट्रीय जल मिशन के तहत देशभर में 300 से अधिक अनुसंधान इकाइयों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिनमें से 100 से अधिक को विशेष सहायता प्राप्त है। उन्होंने जल संरक्षण अभियान 'जल संचय' की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि जून 2025 से शुरू हुए अभियान में पहले वर्ष में 10 लाख जल संरचनाओं का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन जनभागीदारी से 27 लाख से अधिक संरचनाएं तैयार की गईं। अगले चरण में निर्धारित 1 करोड़ संरचनाओं का लक्ष्य समय से पहले ही पूरा कर लिया गया है और अब इसे बढ़ाकर 2 करोड़ कर दिया गया है।उन्होंने सभी नागरिकों से जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की अपील की और बताया कि वर्तमान में 20 विभिन्न डिजाइनों पर जल संरक्षण कार्य किया जा रहा है।कार्यशाला में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि जल क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास केवल सरकार की नहीं बल्कि पूरे देश की साझा जिम्मेदारी है, जिसमें निजी क्षेत्र की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और आने वाले वर्षों में इसमें कई गुना वृद्धि की संभावना है। उपग्रह तकनीक का उपयोग अब जनकल्याणकारी योजनाओं में व्यापक रूप से किया जा रहा है और इसरो की विशेषज्ञता अन्य मंत्रालयों के लिए भी उपयोगी साबित हो रही है। तटीय राज्यों में पेयजल संकट के समाधान के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के साथ नया समझौता किया जाएगा, जबकि जल शोधन के क्षेत्र में जैव प्रौद्योगिकी और सीएसआईआर के साथ संयुक्त परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। कार्यशाला में तकनीकी सत्रों के दौरान अनुसंधान एवं विकास प्रभाग द्वारा 113 पूर्ण अध्ययनों पर प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रीय जल विज्ञान कार्यक्रम का अवलोकन किया गया तथा गाजीपुर लैंडफिल साइट के लिए लीचेट ट्रांसपोर्ट मॉडलिंग, जलाशय प्रबंधन और कृषि क्षेत्र में जल उपयोग जैसे विषयों पर वैज्ञानिक प्रस्तुतियां दी गईं। इसके अलावा, किसानों पर आधारित अध्ययन और जल प्रबंधन तकनीकों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

## कांग्रेस का खुलासा - सीबीएसई के डिजिटल मूल्यांकन का ठेका कोएम्प्ट को देने के लिए नियमों को जानबूझकर कमजोर किया गया

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्लीः** कांग्रेस ने सोमवार को मोदी सरकार को घेरते हुए खुलासा किया है कि सीबीएसई के नए 'ऑन-स्क्रीन' डिजिटल मूल्यांकन (ओएसएम) का ठेका कोएम्प्ट कंपनी को देने के लिए टेंडर के नियमों और तकनीकी मानकों को जानबूझकर कमजोर किया गया था। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए मीडिया और प्रचार (संचार विभाग) के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मूल्यांकन प्रणाली में कथित गड़बड़ियों और टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इन गंभीर मुद्दों पर चुप्पी को लेकर भी हमला बोला। मोदी सरकार पर छात्रों के भविष्य को जानबूझकर अंधकार में धकेलने का गंभीर आरोप लगाते हुए खेड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि शिक्षकों और विशेषज्ञों द्वारा डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में 36 बड़ी कमियों की चेतावनी दिए जाने के बावजूद, सीबीएसई ने इसे लगभग 18 लाख छात्रों पर जबरन क्यों थोपा? कोएम्प्ट कंपनी को ठेका देने से पहले टेंडर की शर्तों, स्कैन गुणवत्ता और साइबर सुरक्षा मानकों में ढील देने का आदेश किसने दिया था? इस दागी ट्रैक रिकॉर्ड वाली कंपनी (जो पहले तेलंगाना में 'ग्लोबरेना' नाम से काम करते हुए विवादों में आई थी) के भाजपा नेताओं तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से क्या रिश्ते हैं?

## मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से विकास, सुशासन और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा, महिला, किसान एवं अंत्योदय के प्रति प्रधानमंत्री का समर्पण तथा विकसित भारत @2047 के निर्माण के लिए उनका विजन और दृढ़ संकल्प हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। वहीं, राजस्थान के लिए प्रधानमंत्री का विशेष स्नेह, आत्मीय जुड़ाव तथा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राजस्थान आधारभूत संरचना, निवेश, जल प्रबंधन, महिला सशक्तीकरण और जनकल्याण सहित विभिन्न क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों की ओर तेजी से अग्रसर है। उनका मार्गदर्शन एवं सहयोग विकसित राजस्थान के संकल्प को निरंतर शक्ति प्रदान करता है।

## वॉकथॉन फॉर वेलनेसः अदायु और आईएमए गुरुग्राम ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर तंबाकू मुक्त जीवन को दिया बढ़ावा




लोकतंत्र की शान

**गुरुग्राम :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर, फोर्टिस हेल्थकेयर के तहत् कार्यरत साइकेट्री एवं डी-एडिक्शन हॉस्पीटल अदायु ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), गुरुग्राम के साथ मिलकर एक वॉकथॉन का आयोजन किया जिसके जरिए आम जन को मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक बनाया गया। इस वॉकथॉन में अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े 80 से भी अधिक लोगों ने हिस्सा लिया जिनमें डॉक्टर, मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर ओर स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे। 40-मिनट की वॉकथॉन अदायु से आरंभ हुई और वहीं समाप्त हुई, तथा इसका मकसद सेहतमंद जीवनशैली की आदतों को बढ़ावा देना और बेहतर शारीरिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए तंबाकू-मुक्त जीवन को प्रोत्साहन देना था। भारत में तंबाकू का नशा इस हद तक बढ़ चुका है कि यह पब्लिक हेल्थ के लिए संकट बन चुका है जिसके कारण हर साल करीब 1.35 मिलियन लोगों की जानें जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, तंबाकू के कारण कैंसर, हृदय रोग और सांसों की समस्याओं के अलावा मनावैज्ञनिक विकार, नींद संबंधी परेशानियां और कॉग्निटव हेल्थ में गिरावट जैसी समस्याएं पेश आती हैं।

## नेपाल के 25 स्टार्टअप्स को भारत से मिलेगी वर्ल्ड-क्लास ट्रेनिंग

लोकतंत्र की शान





**चेन्नई।** 'इंडिया नेपाल स्टार्टअप पार्टनरशिप नेटवर्क' (इन-स्पैन) के दूसरे बैच की शुरुआत हो गई है, जिसमें नेपाल के 25 स्टार्टअप्स का चयन किया गया है। यह कार्यक्रम काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास और आईआईटी मद्रास प्रवर्तक के संयुक्त सहयोग से शुरू किया गया है। दोनों पड़ोसी मित्र देशों के बीच ये एक अनूठी सीमा-पार उद्यमिता पहल है, जो नेपाल के उभरते युवा उद्यमियों, इनोवेटर्स और शोधकर्ताओं को भारत के मजबूत तकनीकी और स्टार्टअप इकोसिस्टम से जोड़ती है। यह 1 जून से 31 जुलाई 2026 तक चलने वाला कार्यक्रम है, जो भारत के चेन्नई स्थित आईआईटी मद्रास के 'आईआईटीएम प्रवर्तक' कैंपस में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए, नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने पहल की सराहना की और नेपाल के युवाओं को एडवान्स्ड भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। नेपाल स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा ये स्टार्टअप एआई, बायोटेक, क्लीनटेक, फिनटेक, हेल्थटेक, एग्रीटेक, ई-कॉमर्स, मोबिलिटी, मैन्युफैक्चरिंग और कंस्ट्रक्शन टेक, एफएमसीजी, एयरोस्पेस, आईओटी और सास जैसे क्षेत्रों से जुड़े हैं। दूतावास ने आगे लिखा कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए, राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने इस विविध समूह की सराहना की और उन्हें भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। अगले 8 हफ़्तों के दौरान, ये 25 स्टार्टअप एक गहन उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम, एआई कौशल विकास, निवेश के लिए प्रस्तुतीकरण और अपने-अपने क्षेत्रों में भारतीय स्टार्टअप्स के साथ नेटवर्किंग/इंटर्नशिप के दौर से गुजरेंगे। पहले बैच की भारी सफलता को देखते हुए इस दूसरे बैच को जल्द ही शुरू किया गया है। प्रथम बैच के 24 स्टार्टअप्स में से 9 नेपाली स्टार्टअप्स को आईआईटी मद्रास इनक्यूबेशन सेल की तरफ से सीधे इनक्यूबेशन और निवेश के प्रस्ताव मिले थे, जिसकी वैश्विक पोर्टफोलियो वैल्यूएशन 6 अरब डॉलर से अधिक है। अब दूसरे बैच के पास भी ऐसा ही सुनहरा मौका होगा और प्रतिभागियों को उद्योग जगत के दिग्गजों से सीधा मार्गदर्शन, केस स्टडीज और व्यावहारिक सीख मिलेगी। बता दें कि भारत अपनी 'पड़ोसी प्रथम' नीति के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नेपाल की निरंतर मदद करता रहता है। पिछले सप्ताह ही भारत सरकार के अनुदान के तहत नेपाल में 14 स्कूलों के निर्माण के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। इसके अलावा पिछले हफ्ते नेपाल के मनांग में भारत की वित्तीय सहायता से बनने वाले एक अस्पताल भवन का शिलान्यास किया गया था।

## गडकरी ने आंध्र प्रदेश की 8,512 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को आंध्र प्रदेश की 8,512 किमी लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता और रखरखाव की समीक्षा की। यह समीक्षा मीडिया और सोशल मीडिया से प्राप्त सुझावों के आधार पर की गई।मंत्रालय ने बताया कि सोमवार को यहां हुई बैठक में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और परियोजना ठेकेदार शामिल हुए।गडकरी ने बैठक में समयबद्ध कार्यान्वयन, सख्त गुणवत्ता मानकों का पालन और आधुनिक निर्माण तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे राजमार्गों की आयु बढ़ेगी, संपर्क सुगम होगा, आर्थिक विकास को गति मिलेगी और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित होगी। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को व्यापक मानसून तैयारी के निर्देश भी दिए। इसमें निवारक उपाय, प्रभावी जल निकासी प्रबंधन और मजबूत प्रतिक्रिया प्रणाली शामिल हैं, ताकि बारिश के दौरान यातायात में व्यवधान कम हो और सड़क सुरक्षा व टिकाऊपन सुनिश्चित किया जा सके।

## सीजेपी के अभिजीत दीपके ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ 6 जून को प्रदर्शन का किया ऐलान

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) नाम से सोशल मीडिया हैंडल चलाने वाले अभिजीत दीपके ने 6 जून को भारत लौटकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन करने की घोषणा की है। अमेरिका के बोस्टन में रह रहे महाराष्ट्र निवासी अभिजीत दीपके ने सोमवार को 'काकरोच इज बैक' नामक एक्स अकाउंट पर साझा वीडियो में कहा कि वह शनिवार, 6 जून की सुबह भारत लौटेंगे और दिल्ली के जंतर-मंतर पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने भारत लौटने का निर्णय लिया है। प्रश्नपत्र लीक के कारण नीट के छात्रों की आत्महत्या और लाखों बच्चों की मेहनत बर्बाद हुई है, जिसके लिए शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए।दीपके ने दावा किया कि इस मुद्दे पर उनकी याचिका पर 8 लाख छात्रों ने हस्ताक्षर किए हैं और देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं, लेकिन सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया।उन्होंने कहा कि नीट के 22 लाख अभ्यर्थी, सीबीएसई के 17 लाख छात्र, सीयूईटी के 16 लाख छात्र और एसएससी जीडी के 16 लाख छात्र कुल मिलाकर एक करोड़ से अधिक विद्यार्थियों का भविष्य संकट में है। दीपके ने समर्थकों से अपील की कि वे 6 जून को दिल्ली हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करें और मिलकर संसद मार्ग थाने से जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति मांगें।सीजेपी संस्थापक ने कहा कि अब समय आ गया है कि छात्र संविधान के मार्ग पर चलते हुए एकजुट हों और शांतिपूर्वक धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करें। उन्होंने सरकार से जवाबदेही की मांग करते हुए कहा कि परीक्षा संबंधी विवादों और व्यवधानों ने छात्रों को गंभीर रूप से चिंतित कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बरेली में SSP अनुराग आर्य के दरबार पहुंचा 10 लाख की ठगी और पुलिस उत्पीड़न का सनसनीखेज मामला

**प्रॉपर्टी डीलर पर रकम हड़पने का आरोप, बारादरी पुलिस पर अवैध हिरासत और वसूली के गंभीर आरोप**

**लोकतंत्र की शान (बरेली, उत्तर प्रदेश | संदीप चंद्रा),** बरेली में प्रॉपर्टी के नाम पर कथित तौर पर 10 लाख रुपये की ठगी, लूट और पुलिस उत्पीड़न का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित ने सीधे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य से न्याय की गुहार लगाते हुए कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में जहां एक ओर प्रॉपर्टी डीलर और उसके साथियों पर रकम हड़पने का आरोप लगाया गया है,




वहीं दूसरी ओर थाना बारादरी के कुछ पुलिसकर्मियों पर अवैध हिरासत में रखने, मारपीट करने, वसूली करने और एनकाउंटर की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

**प्लॉट दिलाने के बहाने बुलाया, फिर गायब हो गए 10 लाख रुपये**–हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव आसपुर हसन अली निवासी सोमवीर कश्यप ने SSP को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 12 मई 2026 को न्यू विलयधाम ढाबा के मालिक और प्रॉपर्टी डीलर प्रेम बाबू यादव ने उसे एक प्लॉट का एग्रीमेंट कराने के लिए बुलाया था। पीड़ित अपने साथ 10 लाख रुपये नकद लेकर पहुंचा था। शिकायत के अनुसार प्रेम बाबू यादव उसे अपनी वैगनऑर कार में बैठाकर डोहरा रोड की ओर ले गया। आरोप है कि दोपहर करीब तीन बजे सनराइज मार्ग के पास पहले से मौजूद रवि पटेल, योगेन्द्र पटेल और अन्नू नामक व्यक्ति थार गाड़ी से वहां पहुंचे। इसी दौरान प्रेम बाबू ने कथित रूप से 10 लाख रुपये से भरा बैग रवि पटेल को सौंप दिया और कुछ ही क्षणों में सभी आरोपी वहां से फरार हो गए।

### लोगो को भाया निमंत्रण का तरीका, प्रभात फेरी और हरिनाम लेकर दरवाजे पर दस्तक

**लोक तंत्र की शान , मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा, रामपुर।** उत्तर प्रदेश/अधिक मास के पावन अवसर पर आगामी 18 से 21 जुलाई तक आयोजित होने वाले श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव के निमंत्रण हेतु निकाली जा रही प्रभात फेरी इन दिनों नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रभात फेरी के माध्यम से कथा महोत्सव का निमंत्रण घर-घर पहुंचाया जा रहा है। श्रद्धालु हरिनाम संकीर्तन, भजन और जयकारों के साथ लोगों के द्वार पर पहुंचकर उन्हें कथा में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे हैं। सोमवार प्रातः आयोजित प्रभात फेरी रिलायंस ज्वेलर्स, शिव रोड से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गों एवं गलियों से गुजरते हुए पुनः अपने विश्राम स्थल पर पहुंची। प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालुओं ने "जय श्रीनाथ जी" और "हरिनाम संकीर्तन" के जयघोष से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। घरों के बाहर खड़े होकर लोगों ने प्रभात फेरी का स्वागत किया तथा कथा महोत्सव में सहभागी बनने का संकल्प लिया। आयोजकों ने बताया कि प्रभात फेरी केवल निमंत्रण देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज को धर्म, संस्कृति और भक्ति से जोड़ने का एक प्रभावी प्रयास भी है। हरिनाम संकीर्तन के साथ निकाली जा रही यह यात्रा लोगों के मन में आध्यात्मिक चेतना का संचार कर रही है तथा उन्हें श्रीनाथ जी की भक्ति से जोड़ रही है। प्रभात फेरी में आदित्य वर्मा, सोहम, रविंद्र गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, सचिन अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव में पहुंचकर कथा श्रवण का लाभ लेने का आग्रह किया।



### रामपुर में तमंचा लहराते हुए युवक पर मुकदमा दर्ज

**ग्रामीणों में दहशत फैलाने के आरोप पुलिस ने शुरू की कार्रवाई**

**लोक तंत्र की शान , मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा, रामपुर।** उत्तर प्रदेश /रामपुर के क्षेत्र में पटवाई कस्बे मैं खुलेआम तमंचा लहराकर दहशत फैलाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है ग्रामीणों की शिकायत और सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीर के आधार पर पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पटवारी क्षेत्र के ग्राम निवासी आयन पुत्र अयूब पर तमंचा लहरा कर लोगों में बका माहौल बनाने का आरोप है ग्रामीणों का कहना है कि युवक अक्सर दबंगई का प्रदर्शन करता था जिससे स्थानीय लोग परेशान थे घटना की तस्वीर सामने आने के बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। शिकायत मिलने पर पुलिस में जांच की ओर उपलब्ध साक्ष्यो के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है पुलिस अधिकारियों का कहना है की सार्वजनिक स्थान पर हथियारों का प्रदर्शन कर लोगों को डराना कानूनी अपराध है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि आरोपी युवक के लाभ मुकदमा दर्ज कर नियम अनुसार कार्रवाई की जा रही है उन्होंने कहा कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा तथा उसके खिलाफ शांति व्यवस्था भंग करने और आर्म्स एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाएगी । पुलिस की कार्रवाई के बाद गांव में इस मामले की चर्चा बनी हुई है ग्रामीणों मैं पुलिस के कदम का स्वागत करते हुए कहा है कि ऐसी घटनाओं पर सख्ती से रोक लगना जरूरी है। ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सुरक्षा का माहौल बना रहे। फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# सीएम योगी के बिजनौर दौरे से पहले अमरोहा में कांग्रेस नेता नजरबंद

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर /सैद नंगली:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बिजनौर दौरे के मद्देनजर अमरोहा पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में पुलिस ने कांग्रेस के तीन वरिष्ठ नेताओं को उनके आवास पर नजरबंद कर दिया है। इनमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया, जिला सचिव इंतजार मेहंदी नकवी और हरस्वरूप प्रधान शामिल हैं। तीनों नेताओं को सैद नंगली स्थित आवास पर पुलिस निगरानी में रखा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने दावा किया कि उन्हें अब तक 73वीं बार हाउस अरेस्ट किया गया है। कटारिया ने सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम बिजनौर जिले में है, फिर अमरोहा में विपक्ष के नेताओं को नजरबंद करने की क्या आवश्यकता थी? उन्होंने कहा कि प्रशासन हर बार मुख्यमंत्री या बड़े नेताओं के दौरे पर विपक्ष की आवाज दबाने के लिए इस तरह की कार्रवाई करता है। ओमकार कटारिया ने इसे अलोकतांत्रिक और मौलिक अधिकारों का हनन बताया। उन्होंने कहा, "भाजपा सरकार विपक्ष से इतनी डरी हुई है कि शांतिपूर्ण विरोध की आशंका में ही नेताओं को घर में कैद कर देती है। न हमारा कोई प्रदर्शन का कार्यक्रम था, न ही ज्ञापन देने की योजना थी। फिर भी पुलिस सुबह से ही घर के बाहर तैनात कर दी गई। क्या विपक्ष का नेता अपने घर से बाहर भी नहीं निकल सकता?" कटारिया ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि लोकतंत्र में असहमति का सम्मान होना चाहिए, लेकिन प्रदेश सरकार विपक्ष की हर आवाज को दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि 73 बार हाउस अरेस्ट होना इस बात का सबूत है कि सरकार सवालों से भाग रही है। वहीं, जिला सचिव इंतजार मेहंदी नकवी ने कहा कि प्रशासन का यह रवैया तानाशाही जैसा है। कानून-व्यवस्था के नाम पर राजनीतिक प्रतिशोध लिया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में इस कार्रवाई को लेकर रोष है। फिलहाल तीनों नेता पुलिस निगरानी में हैं। प्रशासन का कहना है कि मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए एहतियातन यह कदम उठाया गया है ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे।

### मुरादाबाद में हत्या के आरोप में महिला गिरफ्तार

**मारपीट में युवक की मौत के मामले में मझोला पुलिस की कार्रवाई**

लोक तंत्र की शान, मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद पुलिस में मारपीट की एक मामले में हत्या की आरोपी एक महिला को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 31 मई सन 2026 को देव रात्रि में हुई थी मामला 2 मार्च सन 2026 को हुई घटना से जुड़ा है। जिसमें एक युवक की पिटाई के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई थी पुलिस के अनुसार 2 मार्च सन 2026 को मझोला थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी शिकायत में बताया गया था की कुछ आरोपियों ने उसके छोटे बेटे के साथ मारपीट की जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया युवक को मुरादाबाद के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस शरीर के आधार पर मझोला थाने में मु0 अ0स0 -216/2026 के तहत धारा 15(2) और 105 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने तत्काल मामले की विवेचना शुरू कर दी। विवेचना के क्रम में मझोला पुलिस में 31मई सन् 2026 रविवार की देर रात्रि को अभियुक्त रीना को गिरफ्तार कर लिया। रीना पत्नी संजू बबलू सैनी की पत्नी भोला सिंह की मिलक के पास एडीए क्वार्टर काशी नगर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद की निवासी है। पुलिस ने बताया इस मामले की विधिक कार्वाई जारी है।



## सर्वधर्म समभाव की मिसाल बनेगा बरेली का इज्तिमाई निकाह समारोह

» **सभी धर्मों के धर्मगुरुओं की मौजूदगी में 4 जून को होगा सामूहिक निकाह, सामाजिक एकता और भाईचारे का दिया जाएगा संदेश**

लोक तंत्र की शान



**(बरेली, उत्तर प्रदेश | संदीप चंद्रा),** बरेली की सरज़मीं एक बार फिर गंगा-जमुनी तहज़ीब, सामाजिक सौहार्द और मानवता के संदेश की गवाह बनने जा रही है। समाज में बढ़ती वैवाहिक खर्चों की प्रवृत्ति के बीच जरूरतमंद परिवारों को राहत देने और सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खानकाहे वामिकिया अशरफिया बरेली शरीफ द्वारा आगामी 4 जून 2026 को एक भव्य इज्तिमाई निकाह (सामूहिक विवाह समारोह) का आयोजन किया जा रहा है। खास बात यह है कि इस समारोह में केवल मुस्लिम समाज ही नहीं, बल्कि विभिन्न धर्मों और संप्रदायों के धर्मगुरु, संत-महात्मा, समाजसेवी, बुद्धिजीवी और गणमान्य नागरिक भी शामिल होकर नवविवाहित जोड़ों को अपना आशीर्वाद देंगे। यह आयोजन इसलिए भी विशेष माना जा रहा है क्योंकि खानकाह की मसनदे सज्जादगी पर फाइज़ होने के बाद बद्रे तरीकत हजरत सैय्यद असलम मियां वामिकी जीलानी अशरफी साहब की सरपरस्ती में पहली बार इतने बड़े स्तर पर इज्तिमाई निकाह समारोह आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर अकीदतमंदों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

**ताज पैलेस में गूंजेगी निकाह की रस्म**–आयोजन समिति के अनुसार यह समारोह गुरुवार, 4 जून 2026 को शाम 4 बजे ताज पैलेस, मालियों की पुलिया, बरेली शरीफ में आयोजित होगा। समारोह में कई जोड़ों का निकाह इस्लामी परंपराओं और शरीयत के अनुसार संपन्न कराया जाएगा। निकाह के बाद नवदंपतियों को विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की ओर से शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किए जाएंगे।

## सहायक प्रोफेसर डॉ. डीके अग्निहोत्री 'सक्षम एजुकेशन ट्रस्ट' द्वारा सम्मानित, अमरोहा का बढ़ाया मान

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**गाजियाबाद/हसनपुरः** अमरोहा जिले के संघटक राजकीय महाविद्यालय, हसनपुर के सहायक प्रोफेसर डॉ. डीके अग्निहोत्री को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। गाजियाबाद के कवि नगर स्थित जानकी ऑडिटोरियम में 'सक्षम एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट' (रजि.) द्वारा आयोजित भव्य समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से पूरे अमरोहा जनपद में हर्ष का माहौल है। समारोह में ट्रस्ट के चेयरमैन अमित चौहान ने डॉ. अग्निहोत्री को शॉल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। चेयरमैन ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी संस्था का उद्देश्य शिक्षकों और विद्यार्थियों को सम्मान देकर शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाना है। डॉ. अग्निहोत्री ने उच्च शिक्षा जगत में शोध, शिक्षण और छात्र कल्याण के क्षेत्र में जो काम किया है, वह नई पीढ़ी के शिक्षकों के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर शिक्षाविद शिशांक शर्मा, उपेंद्र चौहान, जय प्रकाश मिश्रा, बाल कवि सक्षम चौहान, आशीष भटनागर और सुनील त्यागी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने शिक्षा के गिरते स्तर पर चिंता जताते हुए उसे सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अग्निहोत्री जैसे समर्पित शिक्षक ही सरकारी कॉलेजों की तस्वीर बदल सकते हैं। डॉ. डीके अग्निहोत्री ने सम्मान प्राप्त करने के बाद कहा, "यह सम्मान मेरे अकेले का नहीं है। यह हसनपुर राजकीय महाविद्यालय के मेरे सभी सहयोगियों और छात्रों का है। मैंने हमेशा कोशिश की है कि ग्रामीण क्षेत्र का छात्र भी बड़े विश्वविद्यालयों के छात्रों के बराबर खड़ा हो सके। इसके लिए शोध, सेमिनार और करियर काउंसलिंग को बढ़ावा देना जरूरी है।" हसनपुर महाविद्यालय के प्राचार्य और अमरोहा के शिक्षक संगठनों ने डॉ. अग्निहोत्री को बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से जिले के अन्य शिक्षक भी प्रेरित होंगे। कार्यक्रम के समापन पर एस ग्लोबल अकैडमी गाजियाबाद की प्रधानाचार्य प्रीति चौहान ने सभी का धन्यवाद अर्पित किया 1

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बिजनौर दौरा, विकास योजनाओं का लोकार्पण कर गौ संरक्षण पर दिया बड़ा संदेश

लोक तंत्र की शान, खिज़र अहमद

**अफजलगढ़/बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बिजनौर जनपद के अफजलगढ़ क्षेत्र स्थित आलमपुर गावड़ी पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को अधिकार पत्र वितरित कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 विस्थापित परिवारों को भूमि के मालिकाना हक से संबंधित दस्तावेज सौंपे। साथ ही 5 पूर्व सैनिकों को भी सम्मानपूर्वक अधिकार पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया।

**मंच से दिया सांस्कृतिक और धार्मिक संदेश**–अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने बिजनौर की ऐतिहासिक और धार्मिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि महाभारत काल से जुड़ी हुई है और सदैव धर्म एवं संस्कृति की रक्षा का संदेश देती रही है। उन्होंने कहा कि "जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है, लेकिन जो स्वार्थवश धर्म को नुकसान पहुंचाने का कार्य करता है, उसका अंत भी निश्चित है।" मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की संस्कृति और परंपराएं विश्व को मानवता, कर्तव्य और राष्ट्र निर्माण का मार्ग दिखाती हैं।






**गौ माता के सम्मान पर दिया बड़ा बयान**–गौ संरक्षण के विषय पर बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ लोग गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग कर रहे हैं। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, "गौ हमारी माता है, जन्म-जन्मांतर का नाता है। क्या मां और पुत्र के रिश्ते को साबित करने के लिए किसी घोषणा की आवश्यकता होती है?" उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता को विशेष स्थान प्राप्त है और उनका संरक्षण एवं सम्मान प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

**जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की रही मौजूदगी**–कार्यक्रम में बढ़ापुर विधायक कुंवर सुशांत सिंह, नहटौर विधायक ओम कुमार, विधायक अशोक राणा, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र बोबी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी जसजीत कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने कार्यक्रम में पहुंचकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया

### आमजन की समस्याओं का समयबद्ध हो निस्तारण, विलंब होने पर तय की जाए जवाबदेहीः मुख्यमंत्री

लोक तंत्र की शान

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए लोगों से मुलाकात की, उनके प्रार्थना पत्र लिए और उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने सुना और संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण समयसीमा के भीतर हो, विलंब होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही भी तय की जाए। सीएम योगी ने कुछ बच्चों से शिक्षा के बारे में भी पूछा और अभिभावकों से कहा कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें, क्योंकि पढ़ा-लिखा बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है।

**समयसीमा के भीतर हो समस्या का समाधान**–मुख्यमंत्री जी के समक्ष राजस्व व पुलिस से जुड़े भी कुछ मामले आए। मुख्यमंत्री ने उनका संज्ञान लिया और कहा कि लंबित राजस्व वादों का समयसीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। छह महीने से अधिक लंबित वादों के कारणों की समीक्षा की जाए। उचित कारण न होने पर भी यदि निस्तारण में विलंब होता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



## वार्ड संख्या 33 सराय तरीन में सड़क समस्या का निरीक्षण, चौधरी मुशीर अली खान ने सुनीं जनसमस्याएं

लोक तंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी



**सम्भल।** नगर पालिका परिषद सम्भल के वार्ड संख्या 33 सराय तरीन में सड़क की जर्जर स्थिति एवं स्थानीय नागरिकों की समस्याओं के मद्देनजर समाजसेवी एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चौधरी मुशीर अली खान क्षेत्र का दौरा करने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ क्षेत्र के सम्मानित नागरिक हाजी खालिद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान चौधरी मुशीर अली खान ने सड़क की खराब स्थिति का मौके पर जायजा लिया तथा क्षेत्रवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की बदहाल स्थिति के कारण आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे राहगीरों, बुजुर्गों, महिलाओं एवं स्कूली बच्चों को विशेष परेशानी उठानी पड़ती है। चौधरी मुशीर अली खान ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्रवासियों की मांगों एवं समस्याओं को संबंधित विभाग और उच्च अधिकारियों के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा ताकि सड़क निर्माण एवं मरम्मत का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके। इस अवसर पर हाजी खालिद ने भी क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए कहा कि सराय तरीन के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। उन्होंने प्रशासन से क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रवासियों ने चौधरी मुशीर अली खान का स्वागत करते हुए उनसे क्षेत्र के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का अनुरोध किया। नागरिकों ने उम्मीद जताई कि उनके प्रयासों से सड़क की समस्या का जल्द समाधान होगा और क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। क्षेत्र के लोगों ने चौधरी मुशीर अली खान एवं हाजी खालिद के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और विकास कार्यों को गति देने की मांग की।

## जनसेवा के संकल्प के साथ जनता के बीच पहुंचे कांठ विधायक कमाल अख्तर, मुरादाबाद में सुनीं जनसमस्याएं

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**मुरादाबादः** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कांठ विधानसभा क्षेत्र के विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने रविवार को मुरादाबाद स्थित जिगर कॉलोनी आवास पर जनसंपर्क कर क्षेत्रवासियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आम जनता की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। विधायक ने भरोसा दिलाया कि जनता की हर समस्या का समाधान उनकी प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान लोगों ने सड़क, बिजली, पानी, पेंशन, राशन कार्ड और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें रखीं। कई बुजुर्गों ने पेंशन न मिलने, तो युवाओं ने रोजगार के अवसर बढ़ाने की मांग की। कमाल अख्तर ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर कई समस्याओं के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही उनका धर्म है जनसंपर्क के बाद विधायक कमाल अख्तर क्षेत्र में निकले और लोगों के सुख-दुख में शरीक हुए। उन्होंने बीमार लोगों का हालचाल जाना, शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना दी और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। कमाल अख्तर ने कहा, "जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही जनसेवा की सबसे बड़ी प्रेरणा है। विधायक होना मेरे लिए पद नहीं, जिम्मेदारी है। मैं हर समय, हर परिस्थिति में अपने क्षेत्र की जनता के साथ खड़ा हूं। सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष के साथ-साथ विकास कार्यों को गति देना मेरा लक्ष्य है।" उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी की नीति हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और नौजवान के हित में रही है। कांठ विधानसभा में शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़कों का जाल बिछाने के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। क्षेत्रवासियों ने विधायक की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि कमाल अख्तर सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते हैं। इस मौके पर सपा के कई स्थानीय नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली में महिला थाना प्रभारी निलंबित, कोर्ट के आदेश का पालन न करने पर एसपी ने की कार्रवाई

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर**। वैशाली में महिला थाना अध्यक्ष अदिति कुमारी को निलंबित कर दिया गया है। उन पर न्यायालय के आदेश का पालन न करने का आरोप है, जिसके बाद वैशाली एसपी ने यह कार्रवाई की है। यह मामला लालगंज थाना क्षेत्र से एक बालिग युवती के अपहरण से जुड़ा है। पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया था। न्यायालय में धारा 164 के तहत बयान दर्ज होने के बाद, कोर्ट ने युवती को उसके पति को सौंपने का आदेश दिया था। हालांकि, महिला थाना अध्यक्ष अदिति कुमारी और लालगंज थाना के अनुसंधानकर्ता ने युवती को उसके माता-पिता को सुपुर्द कर दिया। न्यायालय को इसकी जानकारी मिलने पर, वैशाली एसपी ने साइबर थाना अध्यक्ष सह डीएसपी चांदनी सुमन को पूरे मामले की जांच का आदेश दिया। डीएसपी की जांच में मामला सही पाया गया। इसके बाद वैशाली एसपी ने थाना अध्यक्ष से स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। परिणामस्वरूप, वैशाली एसपी ने थाना अध्यक्ष को निलंबित कर पुलिस लाइन भेज दिया है। वैशाली एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि अपहृत युवती को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार उसके पति को सुपुर्द किया जाना था। लेकिन महिला थानाध्यक्ष अदिति कुमारी ने विधिसम्मत प्रक्रिया और युवती की इच्छा का समुचित परीक्षण किए बिना उसे माता-पिता को सौंप दिया था। डीएसपी साइबर द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन के आलोक में प्रथम दृष्टया थाना अध्यक्ष की भूमिका में विभागीय स्तर पर त्रुटियां पाई गई हैं।

### वाहन की टक्कर से महिला की मौत, महुआ-ताजपुर सड़क पर 70 वर्षीय सरस्वती देवी ने मौके पर दम तोड़ा

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर**। वैशाली में महुआ-ताजपुर सड़क पर सिंघाड़ा फतुहा पुल के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 70 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और उन्होंने सड़क जाम कर दिया। इसकी सूचना महुआ थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही महुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। शुरुआत में मृतका की पहचान नहीं हो पाई थी। बाद में उसकी पहचान महुआ थाना क्षेत्र के सुपौल टरिया पंचायत स्थित गोपालपुर गांव निवासी स्वर्गीय प्रगाश राय की 70 वर्षीय पत्नी सरस्वती देवी के रूप में हुई। परिजनों ने शव की पहचान की। सरस्वती देवी अपनी पोती को स्कूल से लाने के लिए जा रही थीं, तभी फतुहा पुल के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कागजी कार्रवाई पूरी की। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन महुआ थाना पहुंचे और एम्बुलेंस में रखे शव की पहचान की।

### चलती ट्रेन में मोबाइल झपटने वाला गिरफ्तार, 22 हजार का फोन मिला, यात्री ने की पहचान

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर**। हाजीपुर रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत कार्रवाई करते हुए ट्रेन से मोबाइल झपटने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 22 हजार रुपये का चोरी किया गया मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। निरीक्षक प्रभारी साकेत कुमार के नेतृत्व में RPF टीम ने हाजीपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड पर आरओबी के पास गुप्त निगरानी के दौरान रात 8:30 बजे एक संदिग्ध युवक को झाड़ियों में छिपा देखा। पुलिस दल को देखकर वह भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम राहुल कुमार (18 वर्ष), निवासी दिघीकला पूर्वी, वार्ड-24, थाना सदर हाजीपुर बताया। उसने स्वीकार किया कि उसने चलती ट्रेन में एक यात्री का मोबाइल झपट्टा मारकर चुराया था और अन्य ट्रेनों में भी चोरी की नीयत से छिपा हुआ था। इसी दौरान पीड़ित यात्री चितरंजन कुमार, निवासी समस्तीपुर, ने आरोपी की पहचान की। तलाशी के दौरान राहुल के कब्जे से एक पुराना नीले रंग का ओप्पो मोबाइल बरामद हुआ। राहुल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी, बरामद मोबाइल और संबंधित कागजात पीड़ित की लिखित शिकायत के साथ राजकीय रेल थाना हाजीपुर को सौंप दिए गए, जहां उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। गौरतलब है कि 29 मई की शाम हाजीपुर स्टेशन से आगे गांधी चौक के पास एक अन्य घटना में, एक युवक चलती ट्रेन के गेट पर खड़ा था तभी एक बदमाश ने उसका मोबाइल झपट लिया। इस दौरान युवक का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल यात्री की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी प्रखंड अंतर्गत अहियापुर थाना क्षेत्र निवासी राजीव कुमार के रूप में हुई थी। इस घटना के बाद रेल पुलिस ने मोबाइल चोरों के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई की है।

### रेलवे कर्मचारी की करंट लगने से मौत, वैशाली में घर पर इनवर्टर ठीक करते समय लगा झटका

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर**। वैशाली जिले के नारायणपुर बुजुर्ग पंचायत के नारायणपुर मुसहरी टोला वार्ड नंबर आठ में एक रेलवे कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। 34 वर्षीय अश्विनी कुमार अपने घर में इनवर्टर का तार ठीक कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। रविवार को छुट्टी होने के कारण अश्विनी घर आए हुए थे। मृतक अश्विनी कुमार लगभग आठ साल पहले रेलवे ग्रुप डी में भर्ती हुए थे। उन्हें इसी साल पदोन्नति मिली थी और उनकी नई पोस्टिंग बरौनी जंक्शन पर हुई थी। अश्विनी कुमार दो भाई और एक बहन थे। उनका छोटा भाई निरंजन कुमार चेहराकला प्रखंड में नाजीर के पद पर कार्यरत है, जबकि बहन की शादी हो चुकी है। अश्विनी की शादी 10 साल पहले हुई थी और उनके दो बेटे हैं। उनके पिता हरेंद्र ठाकुर बेलकुंडा चौक पर इलेक्ट्रॉनिक सामान के मैकेनिक हैं। घटना की सूचना मिलते ही महुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। स्थानीय लोगों ने अश्विनी और उनके भाई को मिलनसार और मेधावी बताया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि अमरेश कुमार सिंह, समाजसेवी देवनाथ प्रसाद सिंह, सुनील कुमार और राज नारायण सिंह सहित कई लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। परिजनों ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेजा गया है। समाचार लिखे जाने तक शव घर नहीं पहुंचा था। पोस्टमार्टम के बाद शव को घर लाया जाएगा और अंतिम संस्कार के लिए हाजीपुर के कौनहारा घाट ले जाया जाएगा। इस दुखद घटना से मृतक की पत्नी, बच्चे और मां सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### 13 साल में पैसा 10 गुना करने का झांसा

**लोकतंत्र की शान : पटना**। फुलवारीशरीफ के पकौली गांव की एक महिला से 13 वर्ष 5 महीने में पैसा 10 गुना करने का झांसा देकर 4 लाख 75 हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़िता सोनम कुमारी ने अपनी मौसी, मौसा और उनके एक सहयोगी के खिलाफ फुलवारी शरीफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोनम कुमारी ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2009 में उनके ससुर स्वर्गीय दयानंद सिंह का निधन हो गया था, जो भवन निर्माण विभाग में माली के पद पर कार्यरत थे। ससुर की मृत्यु के बाद उन्हें पीएफ का पैसा मिला था। इसी दौरान, सोनम की मौसी मधुमिता वर्मा, मौसा दिलीप कुमार वर्मा और उनके सहयोगी सच्चिदानंद सिंह उनके घर पहुंचे। उन्होंने सोनम को एक कंपनी में पैसा निवेश करने का झांसा दिया और बताया कि 13 साल 5 महीने में उनका पैसा 10 गुना हो जाएगा। आरोपियों ने सोनम कुमारी से दो किस्तों में कुल 4 लाख 75 हजार रुपये जमा करा लिए। इसमें 3 लाख रुपये और 1 लाख 75 हजार रुपये शामिल थे। यह राशि 14 अक्टूबर 2012 को जमा कराई गई थी। पैसा जमा कराने के बाद आरोपियों ने सोनम को एक सर्टिफिकेट दिया और गारंटी के तौर पर स्टांप पेपर पर भी लिखकर दिया था। हालांकि, जब मैच्योरिटी पूरी होने पर सोनम ने अपने पैसे की मांग की, तो आरोपियों ने पैसा देने से इनकार कर दिया और कंपनी बंद होने की बात कही। इसके बाद सोनम कुमारी ने अपने मौसा दिलीप कुमार वर्मा, मौसी मधुमिता वर्मा (जो जानीपुर थाना क्षेत्र के गाजाचक निवासी हैं) और सहयोगी सच्चिदानंद सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है।

# दानापुर में गैस वेंडर को मारी तीन गोली, मौके पर ही मौत

## सिर-पसली और हाथ में लगी बुलेट, दोस्त के साथ निकला था, 1 घंटे में मर्डर

**लोकतंत्र की शान , पटना**



दानापुर में रविवार की रात गैस वेंडर की गोली मारकर हत्या हुई है। उन्हें तीन गोलियां लगी है। एक गोली सीना, दूसरी पसली और तीसरी बाएं हाथ में लगी है। मौक पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वारदात के बाद बाइक सवार 2 अपराधी फरार हो गए। मृतक इंदल साव (30) है। भाई संजीत कुमार ने कहा कि इंदल मेरी किराना दुकान पर बैठा था। तभी इंदल को दोस्त आया, वो इंदल को बाइक पर बैठाकर ले गया था। जिसके बाद मेरी इंदल से फोन पर बात हुई थी, इंदल ने कहा कि मैं थोड़े देर में आ रहा हूं। 1 घंटे के बाद मुझे सूचना मिली की इंदल का मर्डर हो गया है। संजीत के अनुसार जो शख्स इंदल को बाइक से ले गया था, उसी ने मर्डर किया है। घटना नासरीगंज बिस्कुट फैक्ट्री रोड स्थित तक्षशिला कॉलोनी के पास की है।

**सीतामढ़ी के रहने वाले हैं इंदलः** पुलिस ने घटनास्थल से एक मोबाइल फोन और एक गोली का खोखा बरामद किया है। बरामद मोबाइल के आधार पर मृतक की पहचान हुई। इंदल सीतामढ़ी जिले के रूनीसैदपुर थाना क्षेत्र के बनसपति गांव के रहने वाले हैं। दानापुर के नासरीगंज इलाके में रहकर गैस डिलीवरी और मजदूरी का काम करते थे। घटना की सूचना मिलते ही दानापुर थाना पुलिस, एफएसएल की टीम और एएसपी शिवम धाकड़ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहेः** एएसपी शिवम धाकड़ ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अपराधियों की पहचान के प्रयास जारी हैं। दानापुर थाना में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## महावीर मंदिर में अब हर पूर्णिमा होगी विशिष्ट 'शिखर ध्वज-पूजा'

**लोकतंत्र की शान , पटना**



♦ आषाढ़ मास की पूर्णिमा 29 जुलाई से होगी शुरू, 2 घंटे चलेगी पूजा

महावीर मंदिर में अब हर पूर्णिमा को विशिष्ट 'शिखर ध्वज-पूजा' शुरू होगी। यह पूजा मन्दिर परिसर में स्थित मुख्य ध्वज के पास होगी और पद्धति के अनुसार 2 घंटे चलेगी। ये विशिष्ट पूजा इस साल आषाढ़ मास की पूर्णिमा 29 जुलाई के दिन से शुरू की जाएगी और हर पूर्णिमा को होती रहेगी। इस दिन की विशिष्ट पूजा में श्रद्धालु भाग लेने के लिए आ सकते हैं। इस पूजा का आयोजन मन्दिर के द्वारा किया जाएगा और जिन लोगों ने इसके लिए शुल्क जमा किया है, उनके नाम पर सार्वजनिक रूप से पूजा की जाएगी।

श्री महावीर स्थान न्यास समिति के सचिव सायण कुणाल ने कहा कि साल में दो बार- रामनवमी और हनुमान-जयन्ती (कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी) के दिन मन्दिर की ओर से विशिष्ट पूजा होती है। मन्दिर के परिसर में लगे चारों ध्वज बदले जाते हैं। बहुत दिनों से अनेक श्रद्धालुओं का आग्रह रहा है कि प्रत्येक पूर्णिमा और अन्य विशेष पर्व के अवसर पर भी मन्दिर के मुख्य शिखर के ध्वज की विशिष्ट पूजा कर उसे बदला जाए। देश के बड़े-बड़े प्राचीन मन्दिरों में भी इस प्रकार ध्वज की विशेष पूजा होती है।

महावीर मन्दिर ने इन आग्रहों को देखते हुए तत्काल निर्णय लिया है कि पूर्णिमा के दिन केवल संकल्प न कर हनुमान-जयन्ती तथा रामनवमी के दिन की तरह विशिष्ट पूजा कर ध्वज परिवर्तन किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि मन्दिर की आध्यात्मिक ऊर्जा उसके शिखर पर लगे ध्वज पर केन्द्रित होती है। इस ध्वज का दर्शन और पूजन उस मन्दिर के सभी देवताओं की एक साथ उपासना का फल देता है। महावीर मन्दिर में भी वर्तमान में प्रत्येक पूर्णिमा के दिन ध्वज-पूजा कर उसे बदलने की परम्परा रही है।

## जदयू बोली- हर हाल में राबड़ी आवास खाली करना होगा

**लोकतंत्र की शान , पटना**



पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को सम्राट सरकार की तरफ से 10 सर्कुलर आवास खाली करने का फिर से नोटिस भेजा गया। आवास खाली कराने को लेकर अब सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। राबड़ी, रोहिणी पहले ही आवास खाली करने के आदेश को चुनौती दे चुके हैं।

सोमवार को आरजेडी के सीनियर लीडर अब्दुल बारी सिद्दीकी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि, बिहार में सत्ताधारी दल का मानना है कि विपक्ष का काम है सरकार की हां में हां मिलाए। ऐसा न करने पर विपक्ष को टारगेट करना है। पूर्व सीएम के तौर पर नीतीश-मांझी को आवास मिला तो लालू यादव को क्यों नहीं दिया गया।

वहीं जदयू कोटे से सम्राट सरकार में मंत्री लेसी सिंह ने कहा है कि, कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज होती है। इसका मतलब राबड़ी देवी की नजर में कानून व्यवस्था कोई चीज नहीं है। किसी भी हालत में उन्हें आवास खाली करना होगा।

**सिद्दीकी बोले- PM से भी बड़ा है बिहार के CM का बंगलाः** सिद्दकी ने कहा कि, सरकार को गरीबी कम करने पर, कर्जमुक्त करने पर दिमाग लगाना चाहिए था। सरकार ओपोजिशन को टारगेट कर रही है, ये डेमोक्रेसी के लिए अच्छा नहीं है। सरकार दिखा रही है कि अगर तुम चुप नहीं रहे तो तुम्हारा घर ले लेंगे, तुम्हारी सुविधा ले लेंगे।

## सहरसा में 2 जून को पंचायत स्तर पर 'सहयोग शिविर' का आयोजन, प्रशासन ने जारी किया संयुक्त आदेश

**लोकतंत्र की शान**



**सहरसा, मो. जियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** सहरसा जिला प्रशासन द्वारा जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से पंचायत स्तर पर 'सहयोग शिविर' के आयोजन को लेकर संयुक्त आदेश जारी किया गया है। यह शिविर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को आयोजित किए जाने की व्यवस्था के तहत 2 जून 2026 को जिले की विभिन्न पंचायतों में आयोजित किया जाएगा। जारी आदेश के अनुसार, शिविर का आयोजन पंचायत सरकार भवन अथवा उसके समीप किसी सार्वजनिक स्थल पर किया जाएगा, जहां आम नागरिक अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे। इस दौरान जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहकर शिकायतों का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी संबंधित दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल अपने-अपने निर्धारित स्थानों पर सुबह 9 बजे तक पहुंचकर विधि-व्यवस्था बनाए रखें। प्रत्येक शिविर स्थल पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। साथ ही, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल को पेयजल, शौचालय एवं चापाकल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शिविर में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर निगम को भी साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर कराने को कहा गया है। जिले के विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों में आयोजित होने वाले इस शिविर में संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों की तैनाती सूची भी जारी की गई है। प्रशासन का उद्देश्य है कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान पारदर्शी और सुगम तरीके से किया जा सके। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे शिविर को सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करें और आम जनता को बेहतर सेवा प्रदान करें।

## पीएम, राष्ट्रपति-कैबिनेट मंत्रियों को भेजा जाएगा 8 टन आम प्रधानमंत्री ने मन की बात में जर्दालू आम का किया जिक्र

**लोकतंत्र की शान , पटना**




❒ श्रेयसी सिंह बोलीं- मखाना-लीची भी भेजेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में बिहार के जर्दालू आम का उल्लेख किया था। इसके बाद, बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की ओर से राज्य से लगभग 8 टन जर्दालू आम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सभी केंद्रीय मंत्रियों को भेजे जाएंगे। बिहार की उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने बिहटा औद्योगिक क्षेत्र स्थित रेडिएशन सेंटर पहुंची। वहां खुद मंत्री श्रेयसी सिंह ने आम की पैकेजिंग और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने इस नई तकनीक के बारे में भी जानकारी प्राप्त की, जिसका उपयोग आम के निर्यात के लिए किया जा रहा है।

**5 एकड़ भूमि में बने रेडिएशन सेंटर में हो रही पैकिंगः** यह रेडिएशन सेंटर बिहटा के सिकंदरपुर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में जीटबन सप्लाई चैन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 5 एकड़ भूमि पर स्थापित किया गया है। यह बिहार की पहली ऐसी सुविधा है जो इंपोर्ट-एक्सपोर्ट के लिए इस तकनीक का उपयोग करती है। निरीक्षण के दौरान, उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा जर्दालू आम का जिक्र किए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने यह पहल की है। लगभग 8 टन आम पैक करके जल्द ही दिल्ली भेजे जाएंगे। सभी को भेंट किए जाएंगे।

**आम के अलावा लीची-मखाना भी जाएगाः** आगे मंत्री ने कहा, बिहार का यह पहला रेडिएशन सेंटर है, जो नई तकनीक पर बना है। इससे बिहार के किसानों को काफी फायदा हो रहा है। उद्योग क्षेत्र में भी इसका महत्व बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में ऐसा रेडिएशन सेंटर बिहार के विभिन्न जिलों में भी बनाया जाएगा। ताकि एक्सपोर्ट इंपोर्ट करने में समस्या ना हो। आम के अलावा, बिहार का मखना, मुजफ्फरपुर का लीची भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति और दिल्ली में बैठे तमाम केंद्रीय मंत्रियों को भेंट की जाएगी। इसी माध्यम के तहत उसे भी पैक कर कर भेजा जाएगा। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने यह भी कहा कि बिहार में उद्योग पहले से काफी बढ़ा है। उद्योगपतियों को भी बिहार आने के लिए निमंत्रण दे रही हूं। ताकि बिहार में ज्यादा से ज्यादा उद्योग लग सके और बिहार का विकास हो सके।

## महिला के गले से झपटी 1.20 लाख की चेन

**लोकतंत्र की शान , पटना**



♦ कोई पीछा न करे ई-रिक्शा के टायर की निकाली हवा, टोटो रिजर्व कर आई थी टीचर की पत्नी

पटना में सोमवार को बाइक सवार बदमाशों ने ई-रिक्शा में बैठी महिला की चेन छीन ली। मौके पर मौजूद संजीत के अनुसार महिला शॉपिंग करने के बाद पार्किंग में निकली। फिर ई-रिक्शा में बैठ गई। इसी बीच बदमाश आए और गले से चेन स्नेचिंग कर भाग गए। जिसकी कीमत 1,20,000 रुपए है। पीड़िता ने थाने में आवेदन दिया है। पीड़िता दिव्या कुमारी (38) है। जो शिक्षक की पत्नी है। आवेदन के अनुसार दिव्या रूपसपुर कालिकेत नगर से ई-रिक्शा रिजर्व कर लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स आई थी। जैसे ही दुकान से बाहर पार्किंग में आई। इसी बीच उनके साथ घटना हुई।

पीड़िता ने ई-रिक्शा के चालक से कहा कि बदमाशों का पीछा करो, पर किसी ने ई-रिक्शा के आगे वाले पहिए की हवा निकाल दी थी। घटना श्रीकृष्णापुरी थाना क्षेत्र के चुन्नीलाल मेगा मार्ट के कैंपस की है। पीड़ित दिव्या ने बताया कि सोने की चेन 12 ग्राम की थी। दिव्या के पति शिक्षक हैं। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी आया है। जिसमें डेढ़ मिनट तक दोनों बदमाश रेकी करते नजर आ रहे हैं।

## दवा माफिया नीरज हाजीपुर से गिरफ्तार, बांग्लादेश भेजने वाला था खेप

**लोकतंत्र की शान , पटना**



बिहार का बड़ा दवा माफिया नीरज पकड़ा गया है। इसके खिलाफ एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने हाजीपुर से अरेस्ट किया है। पूर्वी एसपी परिचय कुमार की मॉनिटरिंग में गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। इसमें चित्रगुप्त नगर SHO भी शामिल थे।

पूर्वी एसपी परिचय कुमार के अनुसार नीरज बताया कि खेप बांग्लादेश भेजी जा रही थी। यहां से नॉर्थ ईस्ट ले जाते थे। वहां से बंगलादेश भेजी जाती थी। एंटी स्नेक वेनम की सप्लाई असम और नागालैंड में करता था। बीते 25 वर्षों से इस धंधे में था। पूर्व में कदमकुआं और पीरबहोर से जेल गया है। तकरीबन डेढ़ दर्जन मामले दर्ज हैं।

सूत्रों की मानें तो पुलिस दबिश का कारण नीरज दिल्ली भाग गया था। पटना में नेटवर्क तबाह होने के बाद अपने बिजनेस को हाजीपुर में स्थापित कर रहा था। इसी सिलसिले में चोरी चुपके हाजीपुर आता था, फिर निकल जाता था। पुलिस को इसकी पूरी इनपुट थी। पिछले लगभग एक महीने से पुलिस इसकी गिरफ्तारी के लिए जाल बिछा रही थी, लेकिन बच जा रहा था।

29 मई को पुलिस को सूचना मिली कि नीरज दिल्ली से हाजीपुर आया है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने हाजीपुर में रेड की और नीरज पकड़ा गया। हिमाचल-उत्तराखंड समेत दूसरे राज्यों में भी इसका नेटवर्क फैला था। ट्रांसपोर्ट के जरिए नशीले इंजेक्शन, प्रतिबंधित कफ सिरप मंगाता था और पटना, हाजीपुर, राघोपुर समेत बिहार के दूसरे जिलों में भेजता था।

## 21 जून को जदयू का महाधिवेशन संगठन विस्तार पर होगी चर्चा

**लोकतंत्र की शान , पटना**




❒ राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नीतीश के निर्वाचन पर लगेगी मुहर

जनता दल (यूनाइटेड) की संगठनात्मक बैठक 21 जून को पटना स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय के कर्पूरी सभागार में होगी। जानकारी जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने पार्टी कार्यालय में पीसी में दी। बताया कि यह बैठक संगठनात्मक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण होगी, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला स्तर के प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। राजीव रंजन ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य 25 जनवरी 2026 को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नीतीश कुमार के हुए निर्वाचन पर राष्ट्रीय परिषद की औपचारिक मुहर लगाना है। इसके साथ ही पार्टी संगठन को और मजबूत बनाने, आगामी राजनीतिक रणनीति तय करने और विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

**सात निश्चय-3 और विकसित बिहार पर होगा मंथनः** बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय-3 के संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा विकसित बिहार के निर्माण, सुशासन के एजेंडे को आगे बढ़ाने और आने वाले दिनों में पार्टी के राजनीतिक और संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय परिषद और राज्य परिषद के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। जदयू नेतृत्व का मानना है कि यह बैठक संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को नई दिशा देने में अहम भूमिका निभाएगी।

**बिहार के विकास को आगे बढ़ाने का संकल्पः** जदयू ने कहा है कि पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त बनाने और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के विकास और सुशासन के संकल्प को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की जा रही है। राजनीतिक दृष्टि से भी इस बैठक को काफी अहम माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम-सोहना रोड पर बिना लाइट खड़े ट्रेले से टकराई बाइक, 26 वर्षीय युवक की मौत

**लोकतंत्र की शान : गुरुग्राम।** घामडौज टोल के पास गुरुग्राम-सोहना रोड पर बिना लाइट और संकेत के खड़े ट्रेले से बाइक टकराने पर 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई।नूंह जिले के गांव इण्डरी निवासी सतीश कुमार ने थाना भौण्डसी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका 26 साल का बेटा राजवीर बघेल गुरुग्राम में सेक्टर-67 के अरबाना एम3एम स्थित पिज्जा हट में कैशियर के पद पर काम करता था। रात करीब 1:30 बजे राजवीर अपने गांव के पड़ोसी संजय पुत्र नवल सिंह के साथ संजय की काली रंग की स्प्लेंडर बाइक पर गुरुग्राम से घर के लिए निकला। बाइक राजवीर चला रहा था और संजय पीछे बैठा था। रात लगभग 2:15 बजे जब वे घामडौज टोल पार कर चुके थे। तभी सड़क पर बिना पार्किंग लाइट, बिना सेफ्टी और बिना इंडिकेटर के खड़े ट्रेले से बाइक टकरा गई। हादसे में राजवीर गंभीर रूप से घायल हो गया। संजय ने ही एक्सीडेंट की परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और राजवीर को एक्रोपोलिस अस्पताल सोहना ले गए। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिजनों को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।इस घटना की सूचना पर उपनिरीक्षक संत कुमार पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। इसके बाद पुलिस टीम मृतक के पिता और गवाह संजय को लेकर घटनास्थल पहुंची। क्राइम सीन टीम ने भी मौके का निरीक्षण किया। सतीश कुमार की लिखित शिकायत पर थाना भौण्डसी पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ के कर जांच शुरू कर दी है।

### फरीदाबाद : डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

**लोकतंत्र की शान : फरीदाबाद।** नेशनल हाईवें नंबर 19 पर सेक्टर 28 मेट्रो स्टेशन के पास रविवार देर रात हुए सडक़ हादसे में एक 28 साल के युवक की मौत हो गई। मृतक मूल रूप से यूपी के हरदोई का रहने वाला और वृंदावन जा रहा था। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनोके हवाले कर दिया है। सेक्टर 31 थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 साल का विजय गौतम अपने परिवार के साथ गाजियाबाद में किराये पर रहता था। इसके परिवार में उसकी पत्नी सहित एक बेटा और बेटी साथ में रहते है। वह एक निजी कंपनी में काम करता था। मूल रूप से वह हरदोई यूपी का रहने वाला था और पिछले कई सालों से गाजियाबाद में रह रहा था। पुलिस जांच अधिकारी अजरूद्दीन ने बताया कि रविवार की देर रात को वह गाजियाबाद से वृंदावन जाने के लिए अपनी बाइक से निकला था। पुलिस के मुताबिक उसकी बाइक के पीछे जूस की बोतलों की एक पेटी बंधी हुई थी। जिससे उसकी बाइक का बेलेंस बिगड़ गया और उसकी बाइक कंट्रोल खोकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें विजय गौतम की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल भिजवाया। जहां से शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अजय कुमार बने राजस्थान भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन), 29 माह बाद भरा गया पद

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली/जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान संगठन में लंबे समय से रिक्त चल रहे प्रदेश महामंत्री (संगठन) पद पर नियुक्ति कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह द्वारा जारी संगठनात्मक नियुक्ति पत्र के अनुसार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अजय कुमार को राजस्थान प्रदेश भाजपा का प्रदेश महामंत्री (संगठन) नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।सोमवार को जारी आदेश में कहा गया है कि अजय कुमार राजस्थान भाजपा में संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन, समन्वय और विस्तार से जुड़े दायित्वों का निर्वहन करेंगे। नियुक्ति पत्र की प्रतिलिपि सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों, प्रदेश प्रभारियों, प्रदेश अध्यक्षों तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री को भी प्रेषित की गई है।उल्लेखनीय है कि राजस्थान भाजपा में प्रदेश महामंत्री (संगठन) का पद 15 जनवरी 2024 से चंद्रशेखर के तेलंगाना जाने के बाद से रिक्त चल रहा था। करीब 29 माह से खाली इस पद को लेकर पार्टी संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच लगातार चर्चाएं चल रही थीं। संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाने वाले इस पद पर नियुक्ति के साथ ही राजस्थान भाजपा को नया संगठनात्मक नेतृत्व मिल गया है। अजय कुमार की नियुक्ति से प्रदेश संगठन और सरकार के बीच समन्वय को भी नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### डबल इंजन नहीं, डबल इंतज़ारशास्त्र चल रहा है- गहलोत

**लोकतंत्र की शान : जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र और राज्य सरकार पर विकास परियोजनाओं में देरी को लेकर तीखा हमला बोला है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई अपनी पोस्ट में गहलोत ने "डबल इंजन सरकार" पर कटाक्ष करते हुए इसे "डबल इंतज़ारशास्त्र" करार दिया।गहलोत ने कहा कि योजनाओं और परियोजनाओं में लगातार हो रही देरी का सीधा असर आम जनता और सरकारी खजाने पर पड़ रहा है।उन्होंने लिखा कि "इंतज़ारशास्त्र" के जरिए राज्य सरकार को जगाने का प्रयास किया गया है ताकि यह समझाया जा सके कि परियोजनाओं में देरी केवल प्रशासनिक समस्या नहीं, बल्कि जनता की जेब पर भारी पड़ने वाला मुद्दा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि यह समस्या केवल राजस्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में बड़े पैमाने पर देखने को मिल रही है। उन्होंने केंद्र सरकार की परियोजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि देशभर में चल रहे 1981 प्रोजेक्ट्स में से अधिकांश देरी का शिकार हैं, जिसके कारण उनकी लागत करीब 5.65 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ चुकी है।गहलोत ने कहा कि राजस्थान में वर्तमान में 81 बड़े प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं, जिनमें से 53 परियोजनाएं निर्धारित समय से पीछे चल रही हैं, जबकि 10 परियोजनाओं का बजट बढ़ चुका है। उन्होंने विशेष रूप से एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड की राजस्थान रिफाइनरी परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रोजेक्ट वर्ष 2022 तक पूरा होना था, लेकिन अब इसकी समयसीमा 2026 तक पहुंच गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि परियोजना की लागत भी 84.23 प्रतिशत बढ़कर 79,459 करोड़ रुपए हो गई है।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि इन परियोजनाओं को समय पर शुरू और पूरा किया जाता तो बढ़ी हुई लागत के रूप में खर्च हो रही हजारों करोड़ रुपये की राशि जनता के कल्याण और विकास कार्यों में इस्तेमाल की जा सकती थी। उन्होंने केंद्र सरकार की "डबल इंजन" अवधारणा पर निशाना साधते हुए लिखा कि यह व्यवस्था जनता पर "डबल मार" साबित हो रही है। गहलोत ने कहा कि इससे महंगाई, भ्रष्टाचार और विकास कार्यों में देरी-तीनों का बोझ आम लोगों को उठाना पड़ रहा है।

### डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ इनेलो ने किया प्रदर्शन

**नूंह।** डीजल, पेट्रोल, सीएनजी और एलपीजी की बढ़ती कीमतों के विरोध में सोमवार को इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नूंह लघु सचिवालय पहुंचकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान उपायुक्त नूंह के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए ईंधन की बढ़ती कीमतों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई।इनेलो के नूंह प्रभारी आनंद सिंह शौरान ने कहा कि पिछले लगभग 15 दिनों से डीजल, पेट्रोल, सीएनजी, एलपीजी और तारकोल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है।उन्होंने कहा कि ईंधन की कीमतों में वृद्धि का असर केवल वाहन चालकों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका सीधा प्रभाव रोजमर्रा की जरूरतों और वस्तुओं की कीमतों पर भी पड़ता है। डीजल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ जाती है, क्योंकि ट्रक, बसें, ट्रैक्टर और अन्य मालवाहक वाहन मुख्य रूप से डीजल पर निर्भर हैं। ऐसे में वस्तुओं की ढुलाई महंगी होने से बाजार में सामान के दाम भी बढ़ जाते हैं।इनेलो नेता हाजी सोहराब ने कहा कि डीजल, पेट्रोल, सीएनजी और एलपीजी की बढ़ी हुई कीमतों के कारण ट्रांसपोर्टरों को अपने किराए में 10 से 15 प्रतिशत तक वृद्धि करनी पड़ रही है।

# खाद्यान्न गबन की जांच में लीपापोती, आदेश बेअसर

» खण्ड अधिकारी के नेतृत्व में टीम को करना था जांच,
» नेबूहा कैंप में चार वर्ष पूर्व हुए 67 लाख के खाद्यान्न गबन का मामला

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान



**सीधी।** 67 लाख रुपए के खाद्यान्न गबन मामले की जांच कब पूरी होगी यह अब अबूझ पहेली बनी हुई है। तत्कालीन कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देश पर पिछले साल जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा इस मामले से जुड़े सभी दस्तावेज अपर कलेक्टर के पास जमा कर दिए गए थे। कहा गया था कि जल्द ही उप खण्ड स्तरीय अधिकारी के मार्गदर्शन में जांच टीम का गठन कर नए सिरे से इस भ्रष्टाचार में शामिल सभी जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की करतूतों का खुलासा होगा। लेकिन यह जांच फाइलों में ही कैद होकर रह गई। उल्लेखनीय है कि जिले के मझौली ब्लाक अंतर्गत संचालित नेबूहा कैंप में करीब चार वर्ष पूर्व हुए खाद्यान्न गबन के मामले को मीडिया द्वारा उजागर किए जाने पर तत्कालीन कलेक्टर ने दस्तावेज तलब कर लिया था। जिसकी जांच एवं छानबीन की कार्यवाही शुरू हुई थी। विभाग द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत टीम द्वारा मौके से एवं विभाग के सूत्रों से इस पूरे गोलमाल की जानकारी जुटाना शुरू किया गया था। इस पूरे गबन मामले में तत्कालीन नान प्रबंधक देवेन्द्र तिवारी, गोदाम प्रभारी सजन सिंह एवं नेबुहा कैंप प्रभारी अंगद तिवारी एवं खाद्य अधिकारी की भी संदिग्ध भूमिका थी, जिसके खिलाफ कोई कार्यवाही प्रस्तावित नही की गई है। वहीं विभागीय सूत्रों की मानें तो इस पूरे गबन मामले में मझौली वेयर हाउस प्रबंधक, नेबुहा कैंप प्रभारी, जिला प्रबंधक नान एवं ट्रांसपोर्टर सहित खाद्य विभाग की अहम भूमिका बताई जा रही है। अगर निष्पक्षता पूर्ण इस मामले की जांच हुई तो इस पूरे गोलमाल में शामिल कई चेहरे बेनकाब हो सकते है।

## मध्यप्रदेश शासन द्वारा समान नागरिक संहिता के संबंध में अपने अपने विचार रखें

लोकतंत्र कि शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश

मध्यप्रदेश शासन द्वारा समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक रविवार को शासकीय तिलक महाविद्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में समान नागरिक संहिता से जुड़े सामाजिक, विधिक एवं प्रशासनिक पहलुओं पर जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों तथा विभिन्न वर्गों से सुझाव प्राप्त किये गए। इस अवसर पर सांसद खजुराहो वीडी शर्मा जी, विधायक मुड़वारा? संदीप जायसवाल जी जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी जी पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव जी सहित अन्य समाज,वर्ग के लोगों और जन प्रतिनिधियों , समाजसेवियों आदि ने भी शामिल होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए ।



## किसानों की सहमति के बिना खेतों में टावर निर्माण तत्काल रोका जाए : अजय

» मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग, किसानों को अडानी कम्पनी चार गुना मुआवजा दे

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान



**सीधी।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने जिले के चुरहट क्षेत्र में पावर ट्रांसमिशन परियोजना के लिए किसानों की सहमति के बिना उनके खेतों में जबरन टावर बनाये जाने को पूरी तरह गैर-कानूनी, दमनकारी और किसानों के अधिकारों पर सीधा हमला बताया है। अजय सिंह ने कहा कि अडानी की कम्पनी के लोग खेतों में जबरन घुसकर किसानों की खड़ी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। ऊपरी पहुंच बताकर उनके द्वारा अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। विरोध करने पर किसानों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियों दी जा रही है। उन्होंने कहा कि भले ही कम्पनी की पहुंच ऊपर तक हो लेकिन इस कृत्य को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सिंह ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव से भी इस संबंध में बात की है और कहा है कि जब तक किसानों की सहमति और मुआवजे का निपटारा नहीं हो जाता तब तक मुख्यमंत्री प्रकरण में हस्तक्षेप कर महान पावर ट्रांसमिशन परियोजना के लिए टावर लगाने का काम तुरंत रोकें। अजय सिंह ने कहा कि किसान सरकार के दिशा निर्देशों का पालन कर उन्हें वर्तमान बाजार मूल्य से चार गुना ज्यादा मुआवजा मांग रहे हैं। उनकी यह मांग नियमानुसार है। फिर शासन-प्रशासन उनके साथ कम्पनी के दबाव में मनमानी और तानाशाही क्यों कर रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस पर लगाम लगाने की मांग की है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है और उनके हितों के लिए आर पार की लड़ाई लड़ेगी। अगर किसानों के हक पर डाका डाला गया, तो पूरे क्षेत्र में चक्का जाम और जन-आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## बाइक-बल्कर की आमने-सामने से टक्कर, दो युवक गंभीर

सोनवर्षा टोल प्लाजा के समीप भीषण सडक़ हादसा,

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान



**सीधी।** शहर के जमोड़ी थानांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 में सोनवर्षा टोल प्लाजा के समीप रविवार रात 8:15 बजे तेज रफ्तार बल्कर और बाइक की आमने-सामने से भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल सीधी से संजय गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रीवा रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार बल्कर क्रमांक एमपी 19 एचए 5831 सीधी की तरफ से रीवा की ओर जा रहा था, जबकि बाइक क्रमांक एमपी 53 एमएल 3541 में सवार दो युवक बढ़ौरा की ओर से सीधी आ रहे थे। सोनवर्षा टोल प्लाजा से करीब 500 मीटर दूर दोनों वाहनों की तेज रफ्तार में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोग जमा हो गए। दोनो घायलों को टोल प्लाजा की एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात दोनो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए रीवा रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बल्कर अपनी लेन में चल रहा था। इसी दौरान बाइक चालक अचानक अनियंत्रित होकर बल्कर के साइड हिस्से से टकरा गया। हादसे में एक युवक को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि दूसरे की हालत भी गंभीर बनी थी। हादसे में घायल हुए दोनों व्यक्तियों की पहचान के लिए जमोड़ी थाना पुलिस भी मशक्कत कर रही है। घायलों के सीधे रीवा अस्पताल रेफर हो जाने के कारण पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाई थी।

**इनका कहना है।** सडक़ दुर्घटना में दो लोगों के घायल होने की सूचना मिली है। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस बल्कर वाहन को कब्जे में लेकर आवश्यक दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। विस्तृत जानकारी मिलने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, थाना प्रभारी जमोड़ी।

## अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता भारत स्थापना दिवस पर मंचसीन अतिथियों के करकमलों से अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी को स्मृति प्रतीक चिन्ह भेंट देकर किया सम्मानित ..

लोकतंत्र कि शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश



**जिला कटनी /** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता भारत का पांचवा स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मिलकर मनाया गया कार्यक्रम का आयोजन इंडियन कॉफी हाउस में अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता भारत कटनी जिला अध्यक्ष अधिवक्ता नानक देवानी के नेतृत्व में आयोजित किया गया .. कार्यक्रम अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता भारत जिला कटनी की टीम द्वारा आज 31 मई 2026 अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता भारत भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय चंद्रकुमार वलेजा जी के मुख्य अतिथ्य में एंव कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षक माननीय कैलाश नारायण गौतम जी ने की ...विशिष्ट अतिथ्य राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी माननीय करण शाक्य कक्काजी सीनियर अधिवक्ता टैक्स बार लॉ ऐशोसिऐशन के अध्यक्ष सीनियर अधिवक्ता हरीशचंद नांरग उपाध्यक्ष अधिवक्ता राकेश निगम सीनियर अधिवक्ता ललित तिवारी,अधिवक्ता अशोक तिवारी जिला अधिवक्ता संघ उपाध्यक्ष संतु परौहा,सीनियर अधिवक्ता राजकुमार बक्शी सहित अतिथिगण द्वारा सर्वप्रथम मां भारतीय के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ.. कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक संचालन कटनी मीना सिंह बघेल अधिवक्ता ने किया ..। मंचासीन अतिथियों का स्वागत वंदन अभिनंदन जिलाध्यक्ष नानक देवानी, जिला अधिवक्ता संघ कार्यकारिण सदस्य मांडवी पांडेय,एड0 शिखा पांडेय,एड0 वीणा नामदेव,एड0पूनम रैदास एंव समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी मातृशक्तियों द्वारा रोली तिलक व पुष्प गुच्छ भेंट देकर सम्मानित किया ... .कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत में अधिवक्ता हित, कल्याण, सुरक्षा और सम्मान के लिए संघर्षरत अधिवक्ताओ की सुरक्षा खासकर सम्मानित मातृशक्तियों का ध्यान रखा जाए और इस पुनीत अवसर पर अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता भारत के पांचवे स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी सम्मानित अधिवक्ता मातृशक्ति और सीनियर जूनियर अधिवक्ताओ का आत्मीय भव्य सम्मान स्मृति प्रतीक चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया गया .। इस अवसर पर समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी द्वारा मानवता जनहितार्थ कार्यों हेतु स्मृति प्रतीक चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया गया और आगे भी ऐसे ही नेक कार्य करने की अपेक्षा की गई .इस अवसर पर अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता भारत कटनी टीम विशेष सराहनीय सहयोग समाजसेवी सुश्री लता खरे, एड0 वंदना झामनानी,एड0 मनु साहु,एड0 अरूण जैसवानी,एड0 उमाकांत पटेल,एड0 निगार सुल्ताना,मुस्कान चीजवानी,वंदना गैलानी सहित सम्मानित मातृशक्तियां एंव....... अधिवक्तागण साथियों की गरिमामय उपस्थित मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ...। इस अवसर पर सभी सम्मानित अतिथिगण एंव समस्त पदाधिकारीगणों स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई....

## हाथियों ने बुजुर्ग दंपती को कुचला, देर रात कच्चे मकान में हमला, गांव वालों में दहशत

ग्राम पंचायत गाजर के चिनगी गांव की घटना

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान



**सीधी।** जलि के वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत गाजर के चिनगी गांव में जंगली हाथियों के हमले में एक वृद्ध दंपती की मौत हो गई। घटना रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे की है। जंगली हाथियों के झुंड ने एक कच्चे मकान को घेर लिया और उसमें सो रहे भैयालाल यादव 60 वर्ष और उनकी पत्नी तिलिया यादव 58 वर्ष पर हमला कर दिया। हाथियों ने मकान तोड़ते हुए दोनों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और शवों को उठाने से इंकार करने लगे। उनका आरोप था कि यह हादसा प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। ग्रामीणों का कहना है कि संजय टाईगर रिजर्व से लगे गांव के कई परिवारों को वन क्षेत्र से विस्थापित किया गया था, लेकिन भैयालाल यादव के परिवार सहित लगभग 40 लोगों को विस्थापन योजना का लाभ नहीं मिला। इसी कारण पूरा गांव खाली नहीं हो पाया और लोग आज भी जंगली हाथियों के खतरे के बीच रहने को मजबूर हैं।

## सामाजिक कार्यकर्ता एवं साहित्य सेवी रामेश्वर दास कबीर कोहिनूर सम्मान 2026 के लिए हुए चयनित

लोकतंत्र की शान , राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट



सामाजिक कार्यकर्ता एवं मन की उड़ान साहित्यिक संस्था (रजि.) के संस्थापक रामेश्वर दास को अखिल भारतीय कबीर मठ सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू नागौर राजस्थान में 28 एवं 29 जून को कबीर जयंती महोत्सव के दौरान भारत भूषण संत डॉ. नानक दास महाराज के कर कमलों से कबीर कोहिनूर सम्मान -2026 प्रदान किया जाएगा। रामेश्वर दास को यह सम्मान उनके पिछले 25 वर्षों से किये जा रहे सामाजिक कार्यों एवं शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। कबीर कोहिनूर सम्मान-2026 के लिए देश भर से अलग-अलग क्षेत्र में काम कर रही 21 प्रतिभाओं को चयनित किया गया है। उन्होंने इस चयन के लिए अखिल भारतीय कबीर मठ सतगुरु कबीर आश्रम संस्थान बड़ी खाटू नागौर राजस्थान का आभार व्यक्त किया।

## सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में जुटी सीधी पुलिस, आधुनिक तकनीक से होगा सुरक्षा प्रबंधन

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान




**सीधी।** आगामी सिंहस्थ-2028 महापर्व को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में सीधी पुलिस ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस लाइन सीधी स्थित सभागार में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में 6 दिवसीय विशेष मॉड्यूल के माध्यम से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सिंहस्थ-2028 के दौरान सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन से जुड़े आधुनिक तरीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान पहली बार वर्चुअल रियलिटी (VR), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), ड्रोन सर्विलांस और फेशियल रिकग्निशन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग सिखाया जा रहा है। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाने तथा बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए पुलिस ड्यूटी पोर्टल एवं साइबर वॉरियर्स पोर्टल के संचालन की भी जानकारी दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने अपने संबोधन में कहा कि सिंहस्थ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की आस्था, संस्कृति और वैश्विक पहचान का प्रतीक है। करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक तकनीक, प्रभावी प्रशिक्षण और बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पुलिस बल को पूर्ण संवेदनशीलता, अनुशासन और प्रोफेशनल दृष्टिकोण के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव ने उज्जैन सिंहस्थ की भौगोलिक परिस्थितियों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षुओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक अजाक सुजीत कड़वे, उप निरीक्षक तरुण बेड़िया, टीओटी प्रशिक्षक रजनीश बघेल एवं संतोष साकेत सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों द्वारा जिले के समस्त पुलिस बल को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में 30 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। आगामी दिनों में निर्धारित मॉड्यूल के अनुसार जिले के सभी पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे सिंहस्थ-2028 के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, साइबर समन्वय एवं तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग में सीधी पुलिस पूरी तरह सक्षम हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### यूरोपीय संघ की शीर्ष राजनयिक कल्लास रणनीतिक वार्ता के लिए पाकिस्तान पहुंचीं

**इस्लामाबाद।** यूरोपीय संघ (ईयू) की विदेश एवं सुरक्षा नीति संबंधी मामलों की उच्च प्रतिनिधि काजा कल्लास पाकिस्तान के दौरे पर सोमवार को इस्लामाबाद पहुंचीं। वो आठवें ईयू-पाकिस्तान रणनीतिक संवाद में हिस्सा लेंगी। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के बयान के अनुसार, उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार और कल्लास रणनीतिक संवाद की सह अध्यक्षता करेंगी। यह दोनों पक्षों के बीच व्यवस्थित चर्चा के लिए सर्वोच्च मंच है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार कल्लास का स्वागत उप प्रधानमंत्री डार ने किया। ईयू ने अलग बयान में कहा कि इस यात्रा के दौरान यूरोपीय आयोग की उपाध्यक्ष कल्लास इस्लामाबाद में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से मुलाकात करेंगी। कल्लास आज इशाक डार के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेंगी। ईयू की शीर्ष राजनयिक के पाकिस्तान दौरे के दौरान थिंक टैंक और शिक्षा जगत के प्रतिनिधियों से भी मिलने की उम्मीद है। उनकी यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब पाकिस्तान और यूरोपीय संघ व्यापार, विकास, जलवायु मुद्दों, प्रवासन और क्षेत्रीय स्थिरता पर घनिष्ठ सहयोग बनाए हुए हैं।

### ईरान में राष्ट्रपति के इस्तीफे की अफवाहों पर लगा विराम राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने पद पर बने रहने का किया ऐलान

**तेहरान।** ईरान के राजनीतिक गलियारों में पिछले कुछ दिनों से राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के इस्तीफे की उड़ रही खबरों पर खुद राष्ट्रपति ने सामने आकर पूरी तरह विराम लगा दिया है। पेजेश्कियन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह अपना पद बिल्कुल नहीं छोड़ रहे हैं और सामान्य रूप से अपनी सभी संवैधानिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने दृढ़तापूर्वक कहा कि वह अपना काम जारी रखेंगे और देश के सामने आने वाली किसी भी स्थिति का मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनका यह बयान उन तमाम अटकलों के बाद आया है, जिनमें दावा किया जा रहा था कि उन्होंने देश के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने देश की जनता को संबोधित करते हुए पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश की आर्थिक और राजनीतिक समस्याओं को छिपाने के बजाय जनता के सामने उनके वास्तविक स्वरूप में प्रस्तुत कर रही है। उनके अनुसार, मौजूदा राष्ट्रीय संकटों की गंभीरता को लेकर नागरिकों के साथ पारदर्शिता बरतना बेहद जरूरी है ताकि सभी चुनौतियों का सामना मिलकर और एकजुटता के साथ किया जा सके। गौरतलब है कि पिछले कई महीनों से ईरान की सैन्य व सुरक्षा संस्थाओं, विशेषकर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और राष्ट्रपति कार्यालय के बीच आंतरिक तनाव बढ़ने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। कूटनीतिक सूत्रों का दावा है कि सुरक्षा संस्थाओं द्वारा राष्ट्रपति के कई अधिकारों को सीमित किए जाने के कारण प्रशासनिक गतिरोध पैदा हो गया है, जिससे कैबिनेट में बदलाव और कई महत्वपूर्ण नीतिगत फैसले अटक गए हैं। हालांकि, इन तमाम आंतरिक राजनीतिक खींचतान और दबावों के बावजूद राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने स्पष्ट कर दिया है कि वे दृढ़ता के साथ अपने पद पर बने रहेंगे।

### विश्व कल्याण के लिए बुलडोजर चलाने वाला भी साधुः पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

**झांसी।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर दिए गए बयान का जवाब देते हुए कहा कि केवल साधना करने वाला ही नहीं, बल्कि विश्व कल्याण, शांति और लोगों की सुरक्षा के लिए बुलडोजर चलाने वाला भी साधु होता है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण कराने वालों की खैर नहीं, उनकी ठठरी बांधेंगे। उत्तराखंड स्थित बद्रीनाथ धाम में साधना के बाद रविवार को ट्रेन से झांसी रेलवे स्टेशन पहुंचे धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री यहां पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज में शांति बनाए रखने, लोगों की रक्षा करने और धर्म की स्थापना के लिए कार्य करने वाला व्यक्ति भी साधु की श्रेणी में आता है। उनका यह बयान उस टिप्पणी के संदर्भ में आया जिसमें शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा था कि बुलडोजर चलाने वाला साधु नहीं हो सकता। पत्रकारों के गाजियाबाद के सूर्या हत्याकांड को लेकर पूछे गए सवाल पर शास्त्री ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हिंदू समाज का दुर्भाग्य है कि वह अभी भी पूरी तरह संगठित नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि यदि हिंदू समाज एकजुट नहीं रहेगा तो इस प्रकार की घटनाएं होती रहेंगी। उन्होंने आरोपियों की निंदा करते हुए कहा कि जिन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया, उनमें न दया है, न प्रेम और न ही करुणा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य लगातार हिंदू समाज को जागृत और संगठित करना है। शास्त्री ने कहा कि जिस दिन हिंदू समाज पूरी तरह एक हो जाएगा, उस दिन कोई भी उसका बाल बांका नहीं कर सकेगा। समाज की मजबूती और एकता ही ऐसी घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम है। बद्रीनाथ यात्रा के अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि वह आठ वर्ष बाद वहां पहुंचे थे और यह यात्रा उनके लिए अत्यंत आध्यात्मिक एवं अविस्मरणीय रही। उन्होंने कहा कि वहां उन्हें अद्भुत और अभूतपूर्व अनुभव प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि झांसी पहुंचने के बाद वे सीधे बागेश्वर धाम जाकर बालाजी महाराज के चरणों में उपस्थित होंगे तथा जनसेवा और सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के कार्यों में जुटेंगे।

### डोनाल्ड ट्रंप की बेटी और दामाद बने जामनगर के मेहमान

जामनगर। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी टिफनी ट्रंप और उनके पति माइकल बोलोस विशेष विमान से गुजरात के जामनगर एयरपोर्ट पहुंच गए हैं। उनके आगमन को लेकर एयरपोर्ट से लेकर मोटीखावड़ी स्थित रिलायंस परिसर तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बताया जा रहा है कि वे विश्व प्रसिद्ध वन्यजीव एवं पशु संरक्षण केंद्र "वनतारा" का दौरा करने पहुंचे हैं। टिफनी ट्रंप और माइकल बोलोस की यात्रा को देखते हुए जामनगर पुलिस सहित विभिन्न केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर रहीं। उनके काफिले में अत्याधुनिक बुलेटप्रूफ वाहन, पायलट जीप और विशेष पुलिस एस्कॉर्ट वाहन शामिल थे। वीवीआईपी मूवमेंट को सुरक्षित बनाने के लिए एयरपोर्ट से मोटीखावड़ी तक पूरे मार्ग पर व्यापक बैरिकेडिंग की गई थी। काफिले के गुजरने के दौरान कुछ समय के लिए सामान्य यातायात भी रोका गया, जिसके चलते खंभालिया रोड पर ट्रैफिक जाम की स्थिति देखने को मिली। टिफनी ट्रंप और माइकल बोलोस यहां रिलायंस इंडस्ट्रीज द्वारा स्थापित वन्यजीव संरक्षण एवं पुनर्वास केंद्र "वनतारा" का दौरा करेंगे। वे देश-विदेश की विभिन्न दुर्लभ प्रजातियों के पशु-पक्षियों को देखेंगे तथा वन्यजीव संरक्षण, पुनर्वास और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से जुड़ी वैश्विक स्तर की व्यवस्थाओं की जानकारी विशेषज्ञों से प्राप्त करेंगे। इस बीच टिफनी ट्रंप ने अपने आधिकारिक एक्स और इंस्टाग्राम अकाउंट पर भारत यात्रा के कई फोटो और वीडियो भी साझा किए हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।



### ट्राई ने पंजाब में जांचा मोबाइल नेटवर्क, जियो, एयरटेल रहे आगे

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने पंजाब के बठिंडा, श्रीमुक्तसर साहिब शहर और अमृतसर से बठिंडा रेल मार्ग पर मोबाइल नेटवर्क गुणवत्ता की जांच की। इसमें जियो और एयरटेल का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा, जहां बठिंडा में जियो की औसत डाउनलोड स्पीड 198.27 एमबीपीएस और एयरटेल की 151.88 एमबीपीएस दर्ज की गई। केंद्रीय संचार मंत्रालय ने बताया कि इन परीक्षणों में कॉल सेटअप सफलता दर, कॉल ड्रॉप दर, कवरेज, डेटा डाउनलोड और अपलोड स्पीड जैसे प्रमुख मानकों को परखा गया। परीक्षण के दौरान सभी कंपनियों के सिम कार्ड से 2जी, 3जी, 4जी और 5जी नेटवर्क पर कॉल और डेटा सेशन चलाए गए और उन्नत उपकरणों से उनकी निगरानी की गई। बठिंडा शहर में एयरटेल और जियो का नेटवर्क सबसे बेहतर पाया गया, जहां कॉल ड्रॉप दर लगभग शून्य रही और डेटा डाउनलोड स्पीड क्रमशः 151.88 एमबीपीएस और 198.27 एमबीपीएस दर्ज की गई। वहीं बीएसएनएल का प्रदर्शन कमजोर रहा, जहां कवरेज गैप और कॉल ड्रॉप की समस्या अधिक दिखी। वोडाफोन आइडिया की औसत डाउनलोड स्पीड 34.07 एमबीपीएस रही।

# पश्चिम बंगाल में आज से महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा

**एजेंसी, कोलकाता**



पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार से राज्यभर में महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा लागू कर दी । सरकार की घोषणा के अनुसार अब महिला यात्रियों को सरकारी बसों में सफर के लिए कोई किराया नहीं देना होगा। बस में चढ़ने पर उन्हें "शून्य किराया" का टिकट जारी किया जा रहा है। यह सुविधा राज्य के सभी क्षेत्रों में उपलब्ध है और सामान्य मार्गों के साथ-साथ लंबी दूरी की बसों में भी लागू की गई है।

योजना का लाभ लेने के लिए महिला यात्रियों को पहचान संबंधी दस्तावेज दिखाने होंगे। परिवहन विभाग की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, राज्य अथवा केंद्र सरकार का कर्मचारी पहचान पत्र, स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालय का पहचान पत्र सहित सरकार द्वारा जारी अन्य वैध पहचान पत्रों में से किसी एक को दिखाकर मुफ्त टिकट प्राप्त किया जा सकता है।

सोमवार सुबह से राज्य परिवहन निगम और अन्य सरकारी बसों में इस संबंध में सूचना पत्रक लगाए गए हैं। बस परिचालकों और चालकों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वे महिला यात्रियों को शून्य किराया टिकट जारी करने की प्रक्रिया का सही तरीके से पालन कर सकें।

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि फिलहाल महिलाओं को बस में चढ़ते ही मुफ्त टिकट उपलब्ध कराया जाएगा। भविष्य में योजना का दुरुपयोग रोकने के लिए महिला यात्रियों के लिए विशेष पहचान कार्ड जारी करने की व्यवस्था की जाएगी। फिलहाल इस विशेष कार्ड को लागू करने की समय-सीमा घोषित नहीं की गई है।

सफर कर रही महिला यात्रियों में उत्साह देखा गया। कई महिलाओं ने कहा कि रोजाना कामकाज और नौकरी के लिए बस से यात्रा करनी पड़ती है, ऐसे में किराये की बचत से उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर भी इस योजना की शुरुआत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सामाजिक प्रगति, आत्मनिर्भरता और अधिकारों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा चुनावी वादे के अनुरूप महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा लागू कर दी गई है।

## सीजेपी के अभिजीत दीपके ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ 6 जून को प्रदर्शन का किया ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) नाम से सोशल मीडिया हैंडल चलाने वाले अभिजीत दीपके ने 6 जून को भारत लौटकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

अमेरिका के बोस्टन में रह रहे महाराष्ट्र निवासी अभिजीत दीपके ने सोमवार को 'काकरोच इज बैक' नामक एक्स अकाउंट पर साझा वीडियो में कहा कि वह शनिवार, 6 जून की सुबह भारत लौटेंगे और दिल्ली के जंतर-मंतर पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने भारत लौटने का निर्णय लिया है। प्रश्नपत्र लीक के कारण नीट के छात्रों की आत्महत्या और लाखों बच्चों की मेहनत बर्बाद हुई है, जिसके लिए शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए।

दीपके ने दावा किया कि इस मुद्दे पर उनकी याचिका पर 8 लाख छात्रों ने हस्ताक्षर किए हैं और देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं, लेकिन सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

उन्होंने कहा कि नीट के 22 लाख अभ्यर्थी, सीबीएसई के 17 लाख छात्र, सीयूईटी के 16 लाख छात्र और एसएससी जीडी के 16 लाख छात्र कुल मिलाकर एक करोड़ से अधिक विद्यार्थियों का भविष्य संकट में है। दीपके ने समर्थकों से अपील की कि वे 6 जून को दिल्ली हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करें और मिलकर संसद मार्ग थाने से जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति मांगें।

सीजेपी संस्थापक ने कहा कि अब समय आ गया है कि छात्र संविधान के मार्ग पर चलते हुए एकजुट हों और शांतिपूर्वक धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करें। उन्होंने सरकार से जवाबदेही की मांग करते हुए कहा कि परीक्षा संबंधी विवादों और व्यवधानों ने छात्रों को गंभीर रूप से चिंतित कर दिया है।

## महाराष्ट्र के पुणे जहरीली देशी शराब मामले में 4 और पुलिसकर्मी निलंबित

**एजेंसी, मुंबई**

महाराष्ट्र के पुणे जहरीली देशी शराब मामले में सोमवार को पुणे ग्रामीण पुलिस मुख्यालय ने चार और पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इससे पहले 12 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निलंबित किया जा चुका है। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गई है।

इस कथित जहरीली शराब मामले में अब तक कुल 18 लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोगों का इलाज जारी है। इस मामले की गहन छानबीन राज्य क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) की टीम कर रही है।

सूत्रों के अनुसार पुणे ग्रामीण पुलिस मुख्यालय के पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल ने अवैध तरीके से बेची जा रही जहरीली देशी शराब पर कार्रवाई न करने पर आज चार और पुलिस कर्मियों को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। इन निलंबित पुलिसकर्मियों में दौंड डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफिस के सुभाष दोईफोडे, उरुली कंचन पुलिस स्टेशन के पुलिस कांस्टेबल अजीत शिवाजी काले और यवत पुलिस स्टेशन के पुलिस कांस्टेबल सुमित नंदकुमार वाघ और यवत पुलिस स्टेशन के पुलिस कांस्टेबल रामदास ज्ञानदेव जगताप शामिल हैं।

ज़हरीली शराब मामले का आरोपित राधेश्याम प्रजापति उरुली कंचन इलाके का रहने वाला है और शुरुआती जांच में इन चारों पुलिस कर्मचारियों से उसके संपर्क होने की बात सामने आई है। इस बारे में बारामती डिवीजन के एडिशनल सुपरिटेंडेंट ऑफ़ पुलिस की जांच में कहा गया है कि संबंधित कर्मचारियों का व्यवहार पुलिस बल के अनुशासन के लिए नुकसानदायक और बहुत संदिग्ध है। इस जांच रिपोर्ट के आधार पर, महाराष्ट्र पुलिस एक्ट और महाराष्ट्र पुलिस नियमों के अनुसार इन चारों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव दिया गया है। उन्हें सरकारी नौकरी से निलंबित कर दिया गया है।

# पार्टी विभाजन व हार से दुखी एआईएडीएमके कार्यकर्ता ने की आत्महत्या

**एजेंसी, तंजावुर**



- पलानीस्वामी ने पार्टी फंड से 55 लाख रुपये देने की घोषणा की
- आत्महत्या से पूर्व एक वीडियो में पार्टी एकजुटता और "अम्मा का शासन" स्थापित होने की जताई मंशा

तमिलनाडु में आल इंडिया अन्ना द्रमुक मुनेत्र कषगम (एआईएडीएमके) में विभाजन और विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार से कथित रूप से आहत एक पार्टी पदाधिकारी ने सोशल मीडिया पर लाइव वीडियो पर आत्मदाह कर लिया। इस घटना ने राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है।कार्यकर्ता की इच्छा को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी ने महेंद्रन के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की।पलानीस्वामी ने कार्यकर्ताओं से ऐसी निराशजनक परिस्थितियों से बचने की अपील की साथ मृतक के परिजनों को पार्टी की ओर से 55 लाख रुपये की मदद देने की घोषणा की।

तंजावुर जिले के कुंभकोणम के पास स्थित तिरुप्पनंदल क्षेत्र के निवासी महेंद्रन एआईएडीएमके व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयुक्त सचिव थे। बताया जा रहा है कि पार्टी के अंदर चल रहे विवादों के कारण वे मानसिक तनाव में थे। आत्महत्या से पहले जारी किए एक वीडियो में महेंद्रन ने कहा कि एआईएडीएमके को फिर से एकजुट होकर सत्ता में आना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी में चल रही कुछ घटनाएं उन्हें और कई युवा कार्यकर्ताओं को गहरी पीड़ा दे रही है। उन्होंने अपने वीडियो में कहा कि उनकी मौत के बाद कम से कम पार्टी फिर से एकजुट हो और एडप्पादी पलानीस्वामी के नेतृत्व में "अम्मा का शासन" स्थापित हो। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से एकजुट होकर काम करने की अपील भी की। वीडियो में महेंद्रन यह भी कहते दिखा कि यदि उनके पार्थिव शरीर पर एडप्पाडी पलानीस्वामी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे तो उनकी आत्मा को शांति मिलेगी। इसके बाद महेंद्रन ने तिरुप्पनंदल-आदुथुरै सड़क पर खुद पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद उनका शव पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल में रखा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**किसी भी परिस्थिति में निराशाजनक कदम न उठाएं कार्यकर्ताः पलानीस्वामीः** कार्यकर्ता के आत्मदाह और उसकी इच्छा की जानकारी मिलने पर एआईएडीएमके महासचिव व पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी ने महेंद्रन के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिवार को आश्वासन दिया कि पार्टी उनके साथ खड़ी रहेगी और चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में पलानीस्वामी ने कहा कि महेंद्रन की एक वर्षीय पुत्री की स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक की पूरी पढ़ाई का खर्च एआईएडीएमके वहन करेगी।

# गिरिबाला सिंह और समर्थ को लेकर घटनास्थल पहुंची सीबीआई, डमी से करेगी सीन रीक्रिएट

**ट्विशा शर्मा मौत मामला**

**एजेंसी, भोपाल**




- गर्भपात की सलाह देने वाले डॉक्टर को समन, समर्थ की भोपाल-जबलपुर फरारी का खुलासा

मध्य प्रदेश के चर्चित अभिनेत्री और मॉडल ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में सीबीआई की जांच बेहद तेज और वैज्ञानिक दौर में पहुंच चुकी है। 5 दिनों की संयुक्त रिमांड मिलने के बाद सीबीआई की विशेष जांच टीम सोमवार सुबह रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ सिंह को लेकर राजधानी भोपाल के चार इमली स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से कड़ी सुरक्षा के बीच बागमुगालिया स्थित उनके निजी बंगले यानि घटनास्थल पहुंची।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की कड़ियों को आपस में जोड़ने और मौत की असल वजह का पता लगाने के लिए फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स की मौजूदगी में 'थ्री-डायमेंशनल रीक्रिएशन' करेगी। इसके लिए ट्विशा के शारीरिक वजन के बराबर, यानी 80 किलोग्राम की एक विशेष डमी यानी पुतले को कमरे में फंदे पर लटकाया जाएगा और फिर उसे नीचे उतारा जाएगा। इस प्रक्रिया के जरिए जांच एजेंसी यह समझने का प्रयास कर रही है कि फंदे की ऊंचाई, झुकाव और शव को उतारने की जो थ्योरी आरोपित समर्थ दे रहा है, वह भौतिक परिस्थितियों से मेल खाती है या नहीं।

सूत्रों के अनुसार, सीन रीक्रिएशन के दौरान सीबीआई टीम ने वारदात के दिन घर और उसके आसपास मौजूद हर संभावित चश्मदीद को बंगले पर तलब किया। घटना के समय ड्यूटी पर तैनात घर के सुरक्षा गार्ड को मौके पर बुलाकर उसके बयानों का मिलान किया जायेगा। कार्रवाई के दौरान समर्थ सिंह का बड़ा भाई भी बंगले में मौजूद है। सीबीआई के अधिकारी दोनों आरोपितों को घर के अलग-अलग कमरों और फिर एक साथ बिठाकर घटना वाले दिन की मिनट-टू-मिनट टाइमलाइन पर सवाल करेंगे, ताकि बयानों को क्रॉस चेक किया जाए।

आरोपित समर्थ सिंह लगातार इस पूरी घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश कर रहा है। उसका दावा है कि गर्भपात के बाद ट्विशा गहरे डिप्रेशन में चली गई थी, जिसके चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। हालांकि, सीबीआई इस थ्योरी को आसानी से स्वीकार नहीं कर रही है। ट्विशा की प्रेग्नेंसी और मेडिकल हिस्ट्री की सत्यता जांचने के लिए सीबीआई ने उस डॉक्टर को आधिकारिक समन जारी कर तलब किया है, जिसने ट्विशा को गर्भपात की सलाह दी थी।

## संगठनात्मक बदलावों से पहले दिल्ली में भाजपा की बैठक शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली**




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठनात्मक बदलावों और आगामी चुनावों की तैयारियों पर मंथन के लिए सोमवार को पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों की यहां बैठक चल रही है। भाजपा के विस्तार कार्यालय में चल रही इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कर रहे हैं। बैठक में सभी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महामंत्री संगठन बीएल संतोष, महामंत्री विनोद तावड़े, राधा मोहन अग्रवाल, तरुण चुग, सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष मौजूद हैं।

सूत्रों के मुताबिक इस बैठक के मुख्य बिंदु केंद्र में सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा तैयार करना, बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने और विभिन्न राज्यों में पार्टी की गतिविधियों का आकलन और आगामी चुनावों की तैयारियों एवं संगठनात्मक बदलावों पर विस्तृत मंथन करना है।

सांगठनिक परंपरा के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष जून में अपनी नई टीम की घोषणा करने वाले हैं, इसलिए वर्तमान स्वरूप में कई पदाधिकारियों की यह आखिरी बैठक हो सकती है। इससे पहले पार्टी मई में ही चार प्रदेश अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर चुकी है और जल्द ही पूरी नई टीम का एलान होने की संभावना है।

## तृणमूल कांग्रेस ने ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से निकाला

**एजेंसी, कोलकाता**



तृणमूल कांग्रेस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अपने दो विधायकों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। इन विधायकों के नाम संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी हैं। तृणमूल ने दोनों पर पार्टी-विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए यह कार्रवाई की है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, निष्कासन की जानकारी दोनों नेताओं को ईमेल और व्हाट्सऐप के माध्यम से सूचित कर दी गई है। साथ ही इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बसु को भी जानकारी दे दी गई है।

सोमवार को अलग-अलग जारी निष्कासन नोटिस में तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि दोनों विधायक पार्टी के अधिकृत नेतृत्व द्वारा बुलाई गई बैठकों में बार-बार अनुपस्थित रहे और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे हैं। नोटिस में आगे कहा गया है कि यह भी देखा गया है कि दोनों विधायकों ने ऐसी गतिविधियों में भाग लिया है और ऐसे बयान दिए हैं जो पार्टी के हितों के लिए हानिकारक हैं। इस मामले पर उचित विचार-विमर्श के बाद दोनों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित करने का निर्णय लिया है।

निष्कासन के बाद संदीपन साहा ने पार्टी के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जो लोग अनैतिक कार्य करते हैं, पार्टी उनका समर्थन करती है, जबकि नैतिक कदम उठाने वालों को बाहर का रास्ता दिखाया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि उपस्थिति रजिस्टर में किए गए हस्ताक्षर को किसी प्रस्ताव पर समर्थन के हस्ताक्षर के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

# राहुल गांधी पुष्कर पहुंचे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर में करेंगे संवाद

**एजेंसी, अजमेर**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार सुबह अजमेर के निकट तीर्थराज पुष्कर पहुंचे। वे किशनगढ़ हवाई अड्डे से सड़क मार्ग के जरिए पुष्कर स्थित कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे, जहां राजस्थान और दिल्ली प्रदेश के कांग्रेस जिलाध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है।

किशनगढ़ हवाई अड्डे पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, विधायक विकास चौधरी सहित कई कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी का स्वागत किया। प्रशिक्षण स्थल पर गोविंद सिंह डोटासरा, राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा तथा अजमेर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल सहित अन्य नेताओं ने उनकी अगवानी की। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन अंतिम समय में उनका दौरा निरस्त हो गया।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी प्रशिक्षण शिविर में राजस्थान और दिल्ली प्रदेश के कांग्रेस जिलाध्यक्षों को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वे संगठनात्मक विषयों, आगामी चुनावों की तैयारियों, जनसंपर्क, डिजिटल एवं सोशल मीडिया प्रबंधन तथा जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने के मुद्दों पर संवाद करेंगे। राहुल गांधी जिलाध्यक्षों के परिवारजनों से भी मुलाकात करेंगे। पुष्कर स्थित वाइल्ड रोज रिसॉर्ट में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले राजस्थान और दिल्ली प्रदेश के 65 जिलाध्यक्षों के परिवार के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। राहुल गांधी ने परिवारजनों से मुलाकात कर उनके साथ फोटो भी खिंचवाई।

कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली तथा कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित कई वरिष्ठ नेता पूर्व में भी प्रशिक्षण शिविर में भाग ले चुके हैं। प्रशिक्षण शिविर में जिलाध्यक्षों को कांग्रेस की विचारधारा, संगठन प्रबंधन, जनसंपर्क, नेतृत्व विकास, डिजिटल संचार तथा आगामी चुनावी रणनीति से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर के दौरान कांग्रेस नेताओं ने विभिन्न गांवों में रात्रि प्रवास कर आमजन से संवाद और फीडबैक भी लिया है।

# वैश्विक राजनीति से हिलती अर्थव्यवस्था: अमेरिका-ईरान तनाव, विदेशी बिकवाली और मानसून की आशंकाओं से बाजारों पर



लोकतंत्र की शान




**गोंदिया।** का अंतिम सप्ताह वैश्विक अर्थव्यवस्था, भू-राजनीति और वित्तीय बाजारों के लिए अत्यंत संवेदनशील एवं उतार-चढ़ाव भरा रहा। पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान तनाव, ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता, केंद्रीय बैंकों की नीतियों को लेकर अनिश्चितता, मुद्रास्फीति की चिंताएं, विदेशी निवेशकों की बिकवाली तथा मानसून संबंधी आशंकाओं ने भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों को प्रभावित किया। यह सप्ताह इस बात का उदाहरण बना कि आधुनिक वैश्विक अर्थव्यवस्था कितनी परस्पर जुड़ी हुई है। किसी एक क्षेत्र की राजनीतिक या सैन्य घटना विश्वभर के शेयर बाजारों, मुद्राओं, बॉन्ड बाजारों और आम नागरिकों के जीवन पर प्रभाव डाल सकती है। 1 जून 2026 से सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये तथा 5 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत में 11 रुपये की वृद्धि की। हालांकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया। इसका सीधा असर होटल, रेस्तरां और छोटे कारोबारियों पर पड़ने की संभावना है। इसी बीच भारतीय शेयर बाजार में भी दबाव देखने को मिला। सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई तथा अधिकांश प्रमुख शेयर लाल निशान में बंद हुए, जिससे स्पष्ट हुआ कि बिकवाली केवल कुछ चुनिंदा शेयरों तक सीमित नहीं थी, बल्कि व्यापक स्तर पर बाजार में कमजोरी दिखाई दी। सप्ताह की शुरुआत अपेक्षाकृत सकारात्मक माहौल में हुई थी। अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते तथा तनाव कम होने की खबरों से निवेशकों का विश्वास बढ़ा। इससे एशियाई और यूरोपीय बाजारों में तेजी का माहौल बना। निवेशकों को उम्मीद थी कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास हालात सामान्य होते हैं तो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव कम होगा और मुद्रास्फीति में राहत मिलेगी। हालांकि यह आशावाद अधिक समय तक कायम नहीं रह सका। पश्चिम एशिया में सैन्य गतिविधियों और तनाव से जुड़ी खबरों ने बाजारों में फिर से अनिश्चितता बढ़ा दी। इसके परिणामस्वरूप निवेशकों का रुझान सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर बढ़ा और डॉलर तथा सरकारी बॉन्ड की मांग मजबूत हुई। पूरे सप्ताह वैश्विक बाजारों पर सबसे अधिक प्रभाव तेल की कीमतों और पश्चिम एशिया की स्थिति का रहा। होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में से एक है। इसके प्रभावित होने की आशंका मात्र से वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता बढ़ जाती है। हालांकि सप्ताह के अंत तक तनाव कम होने और संभावित कूटनीतिक समाधान की उम्मीदों से कच्चे तेल की कीमतों में नरमी देखने को मिली, जिससे मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं में कुछ राहत मिली। यूरोप में स्थिति अपेक्षाकृत जटिल बनी रही। वहां धीमी आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति की चुनौती एक साथ दिखाई दी। अर्थशास्त्र में इस स्थिति को "स्टैगफ्लेशन" कहा जाता है। यूरोपीय केंद्रीय बैंक के सामने आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति नियंत्रण के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती बनी हुई है। भारत के लिए यह सप्ताह विशेष महत्व का रहा क्योंकि घरेलू और वैश्विक दोनों प्रकार के दबाव एक साथ दिखाई दिए। निवेशकों को उम्मीद थी कि यदि तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहती है तो भारत को आयात बिल में राहत मिलेगी। लेकिन सप्ताह के अंत तक विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और वैश्विक अनिश्चितताओं ने बाजारों पर दबाव बढ़ा दिया। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली भारतीय बैंकिंग, वित्तीय और धातु क्षेत्रों पर भारी पड़ी। इसके अतिरिक्त कमजोर मानसून की आशंकाओं ने भी निवेशकों की चिंता बढ़ाई। भारत की कृषि व्यवस्था अभी भी काफी हद तक मानसून पर निर्भर है। यदि वर्षा सामान्य से कम रहती है तो खाद्य मुद्रास्फीति और ग्रामीण मांग दोनों प्रभावित हो सकती हैं। हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति अभी भी मजबूत मानी जा रही है। विकास दर, घरेलू मांग और कॉर्पोरेट आय अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में हैं, लेकिन कच्चे तेल की कीमतें, मुद्रास्फीति और मानसून निकट भविष्य के प्रमुख जोखिम बने हुए हैं। वैश्विक स्तर पर निवेशकों की नजर अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़ों, जीडीपी डेटा और रोजगार संकेतकों पर बनी रही। यदि अमेरिकी मुद्रास्फीति ऊंची बनी रहती है तो फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर रख सकता है। इसका प्रभाव उभरते बाजारों सहित पूरी दुनिया के पूंजी प्रवाह पर पड़ता है। मुद्रा बाजारों में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। तनाव बढ़ने पर डॉलर मजबूत हुआ, जबकि शांति वार्ता और समझौते की संभावनाओं ने जोखिम वाली परिसंपत्तियों में निवेश को बढ़ावा दिया। विशेषज्ञों का मानना है कि मई 2026 का अंतिम सप्ताह केवल शेयर बाजारों की कहानी नहीं था, बल्कि यह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था की जटिलताओं का प्रतिबिंब भी था। एक ओर कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी नवाचार निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर युद्ध, ऊर्जा संकट, मुद्रास्फीति और जलवायु संबंधी जोखिम अनिश्चितताओं को बढ़ा रहे हैं। अतः यह स्पष्ट है कि आधुनिक विश्व अर्थव्यवस्था में राजनीति, युद्ध, ऊर्जा, जलवायु, तकनीक और वित्तीय बाजार एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। पश्चिम एशिया में तनाव और संभावित शांति प्रयासों ने तेल की कीमतों को प्रभावित किया, तेल की कीमतों ने मुद्रास्फीति की अपेक्षाओं को प्रभावित किया, मुद्रास्फीति ने केंद्रीय बैंकों की नीतियों को प्रभावित किया और इन नीतियों ने वैश्विक पूंजी प्रवाह तथा शेयर बाजारों की दिशा तय की। आने वाले महीनों में पश्चिम एशिया की स्थिति, वैश्विक मुद्रास्फीति, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीति तथा भारत में मानसून की प्रगति विश्व और भारतीय अर्थव्यवस्था की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक साबित हो सकते हैं।

**-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**
**कर विशेषज्ञ, स्तंभकार, साहित्यकार एवं अंतरराष्ट्रीय लेखक**
**गोंदिया,**
**महाराष्ट्रसंपादकीय सुझाव: लेख में सेंसेक्स, निफ्टी, ब्रेंट क्रूड, एलपीजी मूल्य वृद्धि तथा अमेरिका-ईरान घटनाक्रम से जुड़े सभी आंकड़ों को प्रकाशित करने से पहले नवीनतम आधिकारिक स्रोतों से पुनः सत्यापित कर लें, ताकि समाचार पूरी तरह तथ्यात्मक और अद्यतन रहे।**




शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, द्वितीय ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमे तिथि, दोइज, मंगलवासरे, मूल नक्षत्र, साध्य योगे, गर करणे, धनु की चंद्रमा, मूल समाप्त रात्रि 8/42 उग्रकर्म मुर्हूत तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलदायी होगी|

**आज जन्म लिए बालक का फल........-** आज जन्म लिया बालक दार्शनिक, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, वाक पटु तथा नीत निपुण, शिक्षक, लेक्चरार, अधिवक्ता, नेता-अभिनेता, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, विधायक, राज्य मंत्री, मुख्यमंत्री होगा।

**मेष राशि** :- हर्ष, यात्रा, सुख-सफलता, हानि, गृह-कलह, मानसिक अशांति कारक हो ।

**वृष राशि** :- विरोध, व्यय, कष्ट, अशांति, लाभ होगा, शिक्षा-लेखन कार्य में सफलता मिले।

**मिथुन राशि** :- व्यापार में क्षति, यात्रा, विवाद, उद्योग-व्यापार की स्थिति में कमी, हानि होगी।

**कर्क राशि** :- शरीरादि मध्यम, भूमि व राजलाभ, असफलता का दिन सबित होगा।

**सिंह राशि** :- वाहन आदि भय, कष्ट, राजसुख, यात्रा होगी, शुभ कार्य में व्यावधान होगा।

**कन्या राशि** :- व्यय, प्रवास, विरोध, भूमि लाभ होगा, राजकार्य में व्यावधान, लाभ होगा।

**तुला राशि** :- रोगभय, मातृ-सुख, खर्च, यात्रा, व्यापार में सुधार हो सकता है, कार्य होगा।

**वृश्चिक राशि** :- कार्यसिद्ध, लाभ, विरोध, भूमि लाभ होगा, राजकार्य में व्यस्तता रहेगी।

**धनु राशि** :- लाभ, धर्म रुचि, यश, हर्ष, यात्रा, समय शिक्षा जगत की ख्याति सामान्य रहेगी।

**मकर राशि** :- विरोध, व्यापार में हानि, शरीर कष्ट, अधिक खर्च करने से कुछ कार्य होवेंगे।

**कुंभ राशि** :- व्यय, प्रभाव, लाभ, प्रतिष्ठा, रोगभय, विरोधी असफल अवश्य होंगे।

**मीन राशि** :- राजभय, यश लाभ, मान, चोटभय, राजकार्य में विलम्ब, परेशानी बढ़ेगी।

# आईपीएल 26 का ख़िताब आरसीबी के नाम लेकिन भव सूर्यवंशी की शानदार बल्लेबाजी



लेखक- संजय गोस्वामी

आईपीएल के 2926 के मैच में बिहार के एक 15 वर्ष के लड़के वैभव सूर्यवंशी राजस्थान रॉयल का नाम बैटिंग में चर्चा में है निश्चित रूप अभी तक के क्रिकेट इतिहास में पहली बार इतने कम उम्र के खिलाड़ी ने जाने माने वेस्टइंडीज के ओपनर बल्लेबाज क्रिस गेल के रिकॉर्ड की बराबरी की है जो उनके हुनर और मेहनत को दर्शाता है वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और उन्होंने जनवरी 2024 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया। वह भारत के सबसे कम उम्र के लिस्ट ए क्रिकेट में पदार्पण करने वाले खिलाड़ी हैं, और आईपीएल में पदार्पण करने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी भी हैं उन्होंने चार वर्ष की आयु में क्रिकेट खेलना शुरू किया। प्रारंभ में उन्हें उनके पिता ने प्रशिक्षित किया, और बाद में नौ वर्ष की आयु में उन्होंने समस्तीपुर की एक क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण लेना शुरू किया। सूर्यवंशी का संबंध मुजफ्फरपुर जिला से भी गहरा रहा है, जहाँ उन्होंने एक इनडोर स्टेडियम में अभ्यास किया और अपने एक रिश्तेदार के घर पर रहते थे।सूर्यवंशी ने जनवरी 2024 में बिहार की ओर से मुंबई के खिलाफ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया, उस समय उनकी आयु 12 वर्ष और 284 दिन थी। इस उपलब्धि के साथ वे बिहार के लिए रणजी ट्रॉफी खेलने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी और भारत के चौथे सबसे कम उम्र के प्रथम श्रेणी क्रिकेटर बने। उन्होंने युवराज सिंह (15 वर्ष 57 दिन) का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जबकि अलीमुद्दीन का रिकॉर्ड अब भी कायम है, जिन्होंने 1942–43 सीज़न में राजपुताना की ओर से 12 वर्ष और 73 दिन की आयु में पदार्पण किया था।लेकिन जब हम लोग अपने समय 1985 के दौर में खेला करते थे तो वहाँ भी उस समय नए अच्छे क्रिकेटर भी खेला करते थे मुझे याद है कि हम लोग अपने नानी घर नयागांव में खाना खाने के बाद आम के पेड़ के निचे क्रिकेट खेलते थे वहाँ भी ग्राउंड था लेकिन उसमें बहुत अच्छा खेल सिर्फ मनोरंजन के लिए हुआ करता था कुछ वहाँ के लोग देखते और शाबाशी देते थे उस समय ना हेलमेट था ना सही मजबूत जूता और पैड बस काम चल जाता था लेकिन क्रिकेट में बैटिंग और बॉलिंग दोनों करना सभी पसन्द करते थे भले ही स्पिन हो जो ऊपर क्रम के बल्लेबाज होते वो ज्यादातर स्पिन बॉलिंग ही करते ताकि थकान कम हो दरअसल क्रिकेट में दो मुख्य बैटिंग और बॉलिंग और बारी-बारी से होने वाली विधाएँ हैं, जिनमें बैटिंग करने वाली टीम के खिलाड़ी रन बनाने की कोशिश करते हैं, और फील्डिंग करने वाली टीम के बॉलर गेंद को इस तरह फेंकने की कोशिश करते हैं कि बैटर आउट हो जाएँ या रन बनाने से रुक जाएँ।हालांकि विकेटकीपिंग भी बहुत अच्छा होता है क्योंकि हमसे अगर पूछिए तो सबसे मेहनत का काम विकेटकीपिंग का होता है नयागांव से हमलोग छपरा के मैदान से एक अच्छी टीम के साथ खेलने निकलें रात भर खूब प्रैक्टिस किया और 5 बजे सुबह की ट्रेन से 2घंटे में छपरा पहुँच गए वहाँ भी टीम तैयार थी मैदान में बहुत से लोग मैच देखने आए थे हमारी टीम टॉस हार गई और पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया मेरे भाईसाहब और उनके दोस्त ने ओपनिंग की उस समय हम लोगों ने गलब्स पैड बॉल अच्छे क्वालिटी के लिए थे और एक हार्ड प्लास्टिक के कैप को अंदर डालते थे शुरुआत में एक तेज गेंदबाज ने पहली ही बॉल पर बोल्ड कर दिया और उस ओवर में मात्र 3 रन ही बना दूसरे ओवर में एक और विकेट रन आउट हो गया और 5 रन बने फिर 3 ओवर में 1और कैच आउट ठीक बाउंड्री लाइन पर हुआ 5 ओवर में तीन विकेट पर 14 रन था जैसे ही 30 रन पर एक स्टंप आउट हुआ मुझे मौका मिला खेलने का और पहली ओवर में एक कट मारा जो बाउंड्री लाइन पर रोका गया मैं लेफ्ट हैंड से बैटिंग करता था फिर हमने देखा बॉल में बहुत गति है तो छोड़ दिया और कभी वाइड तो कभी विकेटकीपर से छूटता और 4 रन बाई में मिल जाता था फिर एक बॉल आया और गलती से टच हुआ और कैच हुआ इसतरह 30 ओवर के मैच में कुल 102 रन बने दूसरी टीम को बल्लेबाजी के लिए उतरा तो उसके भी विकेट गिरते कभी स्कोर बढ़ता रहा एक समय 94 रन पर 6 विकेट था तो ऐसा लग रहा था मैच हाथ से निकल गया लेकिन हारते देख मुझे बोलिंग दिया और मेरे एक ओवर में दो फूल टॉस बॉल पर दो कैच हुआ और उस ओवर में मात्र 4 रन मिला अब दबाब बैट्समैन पर आया और 8 विकेट गिर चूंके थे अब जीत के लिए 4 रन की जरुरत थी तभी दूसरे गेंदबाज ने तेज बॉल की और एक और विकेट गिरा जो विकेटकीपर के हाथों कैच हुआ और अंतिम बल्लेबाज मात्र एक रन पर एलवीडब्लू आउट हुआ मैच 1 रन से जीत गया फिर वहाँ के विधायक ने ट्राफ़ी दि उस दिन इतना थकने के बावजूद नींद नहीं आया बाद में पटना सिटी कॉलेज में एक ग्राउंड था

# पाकिस्तान में बढ़ती दहशतगर्दी और भारत की सुरक्षा चुनौती



लेखिका- डॉ. सुमन शर्मा

रोहिणी नौतपा भारतीय पारंपरिक ज्योतिष और लोक मान्यताओं में ग्रीष्म ऋतु के सबसे अधिक गर्म दिनों को कहा जाता है। यह वह समय माना जाता है जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है और लगभग 9 दिनों तक अत्यधिक गर्मी पड़ती है। इसी कारण इसे "नौतपा" कहा जाता है — अर्थात नौ दिनों की तीव्र तपन।सूर्य देव हर साल 25 मई को रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं। इस के साथ ही ज्येष्ठ महीने के सबसे गर्म 9 दिनों, नौतपा की शुरुआत होती है। भारतीय परंपरा में महत्व एवं लोक मान्यता के अनुसार नौतपा के दौरान अच्छी गर्मी पड़ना मानसून के लिए शुभ माना जाता है। कहा जाता है कि यदि इन दिनों पर्याप्त गर्मी हो, तो वर्षा अच्छी होती है, किसान इसे खेती और वर्षा चक्र से जोड़कर देखते हैं। यह वैज्ञानिक नियम नहीं है, लेकिन लंबे अनुभवों के मौसम ज्ञान पर आधारित है। ज्योतिष और लोक-परंपराओं के अनुसार, नौतपा का न तपना भारी नुकसान का संकेत माना जाता है। यदि इन 9 दिनों में गर्मी नहीं पड़ती या बारिश हो जाती है, तो मानसून चक्र प्रभावित होता है, कीट-पतंगों की संख्या बढ़ जाती है और फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका रहती है। इन नौ दिनों में यदि बारिश हो जाय, तो कहते हे नौतपा गल गया। नौतपा में धरती पर तेज गर्मी अपने चरम पर होती है। आमतौर पर यह अवधि मई के अंत से जून की शुरुआत तक (25 मई से 2 जून ) मानी जाती है। इस दौरान तापमान तेजी से बढ़ता है, लू चलती है और दिन बेहद तपने वाले होते हैं। नौतपा के दौरान सूर्य रोहिणी नक्षत्र में स्थित होता है , सूर्य का उत्तरी गोलार्ध की ओर अधिक झुकाव होता है। इस अवधि में सूर्य की किरणें अधिक सीधी पड़ती हैं, भूमि अत्यधिक गर्म हो जाती है, लू चलती है, तापमान वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुँच सकता है। इस समय पृथ्वी अपनी धुरी पर ऐसे झुकी होती है कि सूर्य की किरणें उत्तरी गोलार्ध (विशेष रूप से भारत जैसे देशों में) पर बिल्कुल सीधी और लंबवत पड़ती हैं, जिससे इन 9 दिनों में पृथ्वी पर गर्मी अपने चरम पर होती है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इस अवधि (मई के अंत से जून की शुरुआत) के दौरान सूर्य पृथ्वी के सबसे करीब या भूमध्य रेखा के सबसे करीब होता है। पृथ्वी का अपनी कक्षा में लगभग (23.5°) झुकाव होने के कारण, सूर्य की किरणें उत्तरी गोलार्ध में बहुत कम दूरी तय करके सीधे सतह पर पहुंचती हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से पृथ्वी और सूर्य की स्थिति, वायुमंडलीय परिस्थितियों तथा गर्म हवाओं के कारण यह समय अत्यधिक गर्म होता है। नवतपा के दौरान सावधानियाँ : दोपहर में धूप से बचें, पर्याप्त पानी पिएँ, हल्के सूती कपड़े पहनें, नींबू पानी आदि लें, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी के बढ़ते तापमान आज पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। इसके पीछे अनेक वैज्ञानिक कारण कार्य कर रहे हैं। सरल शब्दों में समझें तो पृथ्वी का औसत तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे मौसम के स्वरूप, वर्षा चक्र, समुद्र स्तर और प्राकृतिक संतुलन पर प्रभाव पड़ रहा है। गर्मी में बढ़ते तापमान और भीषण लू (हीटवेव) के पीछे मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन, ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन, और शहरों में पेड़ों की कटाई के कारण बढ़ता अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव हैबढ़ते तापमान और इसके लगातार विकराल रूप लेने के प्रमुख कारण जलवायु परिवर्तन , जीवाश्म ईंधन के अत्यधिक उपयोग और वनों की कटाई के कारण कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) और मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसें वायुमंडल में जमा हो रही हैं। ये गैसें सूर्य की गर्मी को सोख लेती हैं और उसे अंतरिक्ष में जाने से रोकती हैं, जिससे पृथ्वी का औसत तापमान बढ़ रहा हैशहरी ऊष्मा द्वीप शहरों में कंक्रीट, डामर (कोलतार) वाली सड़कें और बहुमंजिला इमारतें दिन भर गर्मी को सोख लेती हैं और रात के समय उसे छोड़ती हैं। इसके अलावा, पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से प्राकृतिक हरियाली खत्म हो गई है। वनों की कटाई पेड़ों के कटने से छाया और प्राकृतिक वाष्पीकरण की प्रक्रिया कम हो जाती है, जिससे आसपास के वातावरण में नमी घट जाती है और तापमान में उछाल आता है।मार्च-अप्रैल और मई के महीनों में धूल भरी आंधी और हल्की बारिश से तापमान में गिरावट आती है। इनमें कमी आने और वायुमंडल में उच्च दबाव का क्षेत्र बनने से गर्म हवाएं नीचे की तरफ धकेली जाती हैं, जिससे भीषण लू की स्थिति बनती है। प्रशांत महासागर में पानी के गर्म होने से भी मौसम का चक्र प्रभावित होता है, जो भारत और अन्य क्षेत्रों में हवाओं के पैटर्न और मानसून को बदल देता है, जिससे गर्मी का प्रकोप बढ़ जाता है। गर्मियों में बढ़ते तापमान के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव, जैसे हीटस्ट्रोक से बचने के लिए हमेशा पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।बाहर निकलते समय सिर और चेहरे को सूती कपड़े से ढक कर रखें। ग्रीनहाउस प्रभाव ,पृथ्वी के वायुमंडल में कुछ गैसें ऐसी होती हैं जो सूर्य से आने वाली ऊष्मा को रोककर पृथ्वी को गर्म बनाए रखती हैं। इन्हें ग्रीनहाउस गैसें कहते हैं। मुख्य ग्रीनहाउस गैसें कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ-2), मीथेन नाइट्रस ऑक्साइड जलवाष्प, क्लोरोफ्लोरोकार्बन। इन गैसों की सामान्य मात्रा पृथ्वी पर जीवन के लिए आवश्यक है, लेकिन जब इनकी मात्रा अत्यधिक बढ़ जाती है, तब अधिक ऊष्मा वायुमंडल में फँस जाती है और पृथ्वी का तापमान बढ़ने लगता है। जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, औद्योगिक क्रांति के बाद से मानव द्वारा कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस का अत्यधिक उपयोग किया जाने लगा।इनके जलने पर बड़ी मात्रा में सीओ-2 उत्पन्न होती है।वाहन, बिजली उत्पादन संयंत्र, उद्योग, एयर कंडीशनर और मशीनें आदि इसके मुख्य कारण है। रासायनिक अभिक्रिया इससे वायुमंडल में सीओ-2 की मात्रा लगातार बढ़ती जा रही है। वनों की कटाई , पेड़-पौधे प्रकाश संश्लेषण द्वारा सीओ-2 को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं।जब बड़े पैमाने पर जंगल काटे जाते हैं, सीओ-2 अवशोषण कम हो जाता है, वायुमंडल में कार्बन बढ़ता है, तापमान वृद्धि तेज होती है

औद्योगीकरण और प्रदूषण, कारखानों से निकलने वाला धुआँ, रसायन और गैसें वायुमंडल को प्रदूषित करती हैं। थर्मल पावर प्लांट, सीमेंट उद्योग, स्टील उद्योग, रासायनिक उद्योग, इनसे ग्रीनहाउस गैसों के साथ-साथ सूक्ष्म कण भी निकलते हैं, जो पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित करते हैं।

वाहनों की बढ़ती संख्या, डीजल और पेट्रोल से चलने वाले वाहन, सीओ-2, कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसी गैसें छोड़ते हैं। आज महानगरों में तापमान वृद्धि का एक बड़ा कारण कंक्रीट, डामर सड़कें, कम हरियाली, गर्मी को अधिक अवशोषित करती हैं। मीथेन गैस का बढ़ना, मीथेन सीओ-2 से कई गुना अधिक प्रभावशाली ग्रीनहाउस गैस है। ओजोन परत में क्षति, ओजोन परत सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से पृथ्वी की रक्षा करती है। सीएफसी गैसों के कारण ओजोन परत कमजोर होती है। ताप संतुलन प्रभावित होता है, यूवी विकिरण बढ़ता है। पर्यावरणीय असंतुलन उत्पन्न होता है। समुद्र और बर्फ पर प्रभाव, बढ़ते तापमान के कारण ग्लेशियर पिघल रहे हैं, ध्रुवीय बर्फ घट रही है, समुद्र स्तर बढ़ रहा है, बर्फ के पिघलने से पृथ्वी की परावर्तन क्षमता कम हो जाती है।

# गाय-गोमांस की राजनीतिः आखिरकार हम फिर वहीं पहुंच गए



लेखक- राम पुनियानी

चुनाव आयोग की चालबाजियों और न्यायपालिका की अनदेखी के चलते भाजपा, पश्चिम बंगाल में सत्ता पर काबिज होने में कामयाब रही। इससे राज्य के मुस्लिम अल्पसंख्यक जबरदस्त दहशत में हैं। सरकार ने हर जिले में नजरबंदी केन्द्रों का निर्माण प्रारंभ कर दिया है जिनमें बांग्लादेश के कथित घुसपैठियों को रखा जाएगा और अन्य कई बातों के अतिरिक्त, छत्रपति शिवाजी महाराज के एक विशाल स्मारक के निर्माण की बात कही है। जिस मुद्दे पर राज्य की हिन्दू आबादी अत्यंत बेचैन है वह है गाय-गोमांस के नाम पर मुसलमानों की लिंचिंग का अभियान। ईद नजदीक आने के साथ ही हिन्दू अपने गाय-बैलों को बेचने के लिए बाजार में लाए किंतु यह देखकर उन्हें बहुत निराशा हुई कि वहां गोवंश का एक भी खरीददार नहीं था। मुसलमानों ने सामूहिक रूप से यह फैसला ले लिया था कि वे ईद पर इन पशुओं की कुर्बानी नहीं देंगे। जमात-ए-इस्लामी-ए-हिन्द के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी से लेकर असादुदीन ओवैसी जैसे राजनीतिज्ञों तक, मुस्लिम समुदाय के ज्यादातर नेताओं ने मांग की है कि गाय को बाघ की जगह राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। बाजारों में गोवंश के पशुओं को बेचने आए हिन्दुओं से मुसलमान कह रहे हैं कि ये तुम्हारी मां हैं और इन्हें तुम अपने घर पर रखो। कई गरीब किसान इन जानवरों को ईद के अवसर पर बेचने के लिए पालते हैं ताकि उन्हें इनकी अच्छी कीमत मिल सके और इस आमदनी से उन्हें अपना जीवनयापन करने में सहायता मिले। वे हताश हैं क्योंकि उस आमदनी का इस्तेमाल करने की जो भी योजना उन्होंने बना रखी थी, वह मिट्टी में मिलती नजर आ रही है। मुस्लिम समुदाय और मुस्लिम संगठनों ने गाय-गोमांस के बहाने बड़े पैमाने पर मुसलमानों की लिंचिंग की घटनाएं देखी हैं, खासतौर से पिछले 12 सालों के दौरान। मोहम्मद अखलाक से लेकर मोहम्मद जुनैद तक, पिछले कुछ सालों में 100 से अधिक लिचिंग की घटनाएं हुई हैं। इंडियास्पेन्ड के आंकड़ों से पता चलता है कि 2014 से 2018 के बीच गाय से जुड़ी हिंसा में 46 मुसलमान और दलित मारे गए। हमें याद है कि गुजरात के ऊना में मृत गायों को उनकी खाल उतारने के लिए ले जा रहे चार दलितों को बेरहमी से पीटा गया था। इसके बाद युवा दलित नेता जिग्नेश मेवानी ने गायों की खरीद-फरोख्त को रोकने का अभियान चलाया और दलितों को भूमि आवंटित किए जाने की मांग की। गौरक्षकों द्वारा बनाया गया यह माहौल, जिसे सत्ताधारियों का संरक्षण और संघ परिवार की वैचारिक सहमति हासिल है, अत्यंत भयावह है। कई आचार्यों ने यह तक कहा कि एक गाय के जीवन का मूल्य कई मनुष्यों के जीवन से ज्यादा है। बाबा रामदेव ने गाय से जुड़े उत्पादों को बढ़ावा दिया और गौमूत्र तक बेचकर अच्छी-खासी रकम कमाई। संबित पात्रा, जो भाजपा के प्रमुख प्रवक्ता हैं, ने दावा किया कि गाय का गोबर हीरे से अधिक मूल्यवान है। उल्लेखनीय है कि वे आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में स्नातकोत्तर हैं। गुजरात के एक अन्य प्राध्यापक ने बेजोड़ शोध कर बताया कि गौमूत्र में सोना होता है। सोने की आसमान छूती कीमतों के बीच यह कितनी राहत पहुंचाने वाली बात है! मुस्लिम समुदाय के सामूहिक फैसले पर वापिस आएं, तो इससे पहचान की राजनीति का नतीजा गरीब किसानों को भुगतना पड़ रहा है। देखना होगा कि हिन्दुत्ववादी सरकार गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का पवित्र निर्णय लेती है या नहीं। ऐसा होने बहुत से उन गैर-मुस्लिम व्यापारियों को नुकसान झेलना पड़ेगा जो गोमांस के निर्यात से जुड़े हुए हैं। गोमांस के प्रमुख निर्यातक हिंदू और जैन समुदायों के अभिजात वर्ग के हैं। अल कबीर एक्सपोर्ट्स प्राईवेट लिमिटेड भारत में मांस और गोमांस के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक हैं। इनका तेलंगाना में बहुत बड़ा बूचड़खाना है। कई सूचनाओं के मुताबिक इस इकाई का मालिक सबरवाल परिवार है। अरेबियन एक्सपोर्ट्स प्राईवेट लिमिटेड बंबई का एक बड़ा मांस निर्यातक है। कई पीढ़ियों से सुनील कपूर परिवार इसका स्वामी भी है और प्रबंधन भी करता आ रहा है। एम। के। आर। फ्रोजन फुड एक्सपोर्ट्स प्राईवेट लिमिटेड, जिसका मुख्यालय दिल्ली में है, के पंजाब में कई पशुवध गृह हैं। इस कंपनी का प्रबंधन मदन एबोट प्राईवेट लिमिटेड करता है जिसका मुख्यालय चंडीगढ़ में है और इसके मालिकों में अन्यों के अलावा ए। एस। बिन्द्रा परिवार भी है। इसके अलावा मांसाहार को भी बुरा बताया जा रहा है। हम जानते हैं कि गोवा, उत्तर-पूर्व और केरल में गोमांस का सेवन बड़े पैमाने पर किया जाता है। भारत में लगभग 77 प्रतिशत जनता मांसाहारी है (83।4 प्रतिशत पुरुष और 70।6 प्रतिशत महिलाएं) जो नियमित रूप से मांस, मछली या मुर्गा खाती है। तटीय इलाकों में मछली और अन्य स्थानों पर मुर्गा और मटन आदि खाया जाता है। कई लोगों का दावा है कि ब्राम्हण मांसाहारी नहीं होते। कश्मीरी पंडित मटन के व्यंजनों का सेवन मजे से करते है। कश्मीरी व्यंजनों का सरताज रोगन जोश मटन का अत्यंत खुशबूदार व्यंजन है। बिहार में भी ब्राम्हण अन्य मांसहारी व्यंजनों के अतिरिक्त खासतौर से मटन का सेवन करते हैं। जानबूझकर फैलाई जाने वाली इन बातों, जिन्होंने आम धारणाओं का रूप ले लिया है, से सच्चाई बहुत अलग है। ये बातें इसलिए फैलाई जाती हैं ताकि यह कुतर्क दिया जा सके कि मुसलमान मुख्यतः मांसहारी होते हैं और इसी वजह से इतने हिंसक होते हैं। बंगाल में चुनावों के दौरान, जिसमें भाजपा और ममता बनर्जी के बीच मुख्य मुकाबला था, ममता ने कहा था कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो माछ-भात जो पसंदीदा बंगाली व्यंजन है, मिलना मुश्किल हो जाएगा। इसके जवाब में 'गोली मारो' वाले नारे के लिए कुख्यात पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने माछ-भात खाते हुए अपना वीडियो जारी किया और कहा कि भाजपा के राज में मांसाहार पर कोई पाबंदी नहीं लगाई जाती। खानपान एक चुनावी मुद्दा बन गया है, यह तब एक बार फिर साबित हुआ जब हमारे नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री ने बंगाल के लोगों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए झालमूडी (मुख्यतः चावल से बनने वाला एक स्थानीय व्यंजन) खाया।

# आईपीएल 2026 वैभव बने मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर

## किसे मिला कौन-सा अवॉर्ड?

अहमदाबाद। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल 2026 का 'मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर' चुना गया है। इसके साथ ही उन्हें इस सीजन में 776 रन बनाने के लिए 'ऑरेंज कैप' भी मिली। आईपीएल 2026 की समाप्ति के बाद 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' वैभव ने कहा, 'मुझे अच्छा लग रहा है, लेकिन इंटरव्यू देना पड़ रहा है, इसलिए थोड़ा दबाव महसूस हो रहा है। आप प्रत्येक मैच एक ही तरीके से नहीं खेल सकते। अगर मुझे चोट से बचना है, तो मुझे अपनी फिटनेस पर काम करना होगा। हर कोई बहुत मददगार है। सभी सीनियर खिलाड़ी, सपोर्ट स्टाफ, हर कोई मेरा साथ देता है और यहां का माहौल बहुत अच्छा है।' एक ओर वैभव ने 'ऑरेंज कैप' हासिल की, जबकि दूसरी तरफ कगिसो रबाडा ने इस सीजन में 29 विकेट लेने के लिए 'पर्पल कैप' अपने नाम की।



पंजाब किंग्स को 'फेयरप्ले अवॉर्ड' मिला। मनीष पांडे को 'कैच ऑफ द सीजन' का अवॉर्ड मिला, जिन्होंने बैकवर्ड प्वाइंट पर एक शानदार कैच लेकर टिम डेविड को आउट किया था। मोहम्मद सिराज को इस सीजन में सर्वाधिक 'डॉट बॉल' (172) फेंकने के लिए अवॉर्ड मिला। साई सुदर्शन को इस सीजन में सर्वाधिक 'चौके' (75) लगाने के लिए अवॉर्ड मिला। वैभव सूर्यवंशी को 'इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन', 'सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन' (237.3) और 'सुपर सिक्सेस ऑफ द सीजन' (72) के अवॉर्ड मिले। आईपीएल 2026 का फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया, जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 5 विकेट से जीत हासिल की। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात टाइटंस ने 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए। इस टीम के लिए वॉशिंगटन सुंदर ने 50 रन की नाबाद पारी खेली।

# कोहली की क्लास, भुवनेश्वर का चला जादू

## आरसीबी को चैंपियन बनाने में इन 5 खिलाड़ियों ने निभाई अहम भूमिका

**नई दिल्ली।** रजत पाटीदार की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने वो कर दिखाया, जो आईपीएल के इतिहास में सिर्फ चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस की टीम ही कर सकी हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को फाइनल में 5 विकेट से हराते हुए लगातार दूसरी बार आईपीएल की ट्रॉफी को अपने नाम किया। आइए आपको उन 5 खिलाड़ियों के नाम बताते हैं, जिनके बूते खिताब का बचाव करने में सफल रही आरसीबी।



### रजत पाटीदार

कप्तानी के साथ-साथ रजत पाटीदार ने आरसीबी के लिए बल्ले से भी अहम योगदान दिया। पहले क्वालीफायर मुकाबले में मुश्किल में फंसी नजर आ रही आरसीबी टीम की नैया को पार लगाने वाले बल्लेबाज कप्तान रजत ही रहे, जिन्होंने महज 33 गेंदों में 93 रनों की आतिशी पारी खेली। रजत हर मुश्किल समय में विपक्षी टीम के सामने चट्टान की तरह खड़े रहे।



### भुवनेश्वर कुमार

आरसीबी को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाने में भुवनेश्वर कुमार का रोल काफी अहम रहा। भुवनेश्वर ने न सिर्फ पावरप्ले में टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई, बल्कि अंत के ओवरों में भी अहम मौकों पर विकेट चटकाए। उन्होंने इस सीजन में खेले 16 मुकाबलों में 28 विकेट अपने नाम किए।

### कोहली की विराट पारी

आरसीबी के लिए विराट कोहली कितने मायने रखते हैं, यह बात वह हर सीजन अपने प्रदर्शन से साबित करके दिखाते हैं। आईपीएल 2026 में भी कोहली का बल्ला खूब गरजा, और वह टीम की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। 37 वर्षीय विराट ने 16 मुकाबलों में 165 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 675 रन बनाए। वहीं, फाइनल मैच में भी उन्होंने 42 गेंदों में 75 रनों की नाबाद पारी खेली।





### रसिख सलाम

जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार के प्रदर्शन के आगे भले ही रसिख सलाम का योगदान पीछे छुप गया, लेकिन 26 वर्षीय इस युवा तेज गेंदबाज ने अपनी गेंदबाजी से आईपीएल 2026 में खासा प्रभावित किया। रसिख ने इस सीजन 19 विकेट निकाले और उनका सबसे बेहतरीन प्रदर्शन फाइनल मैच में ही आया। खिताबी मुकाबले में रसिख ने 4 ओवर में सिर्फ 27 रन देकर 3 विकेट निकाले।



### देवदत्त पडिक्कल

आरसीबी का यह बल्लेबाज इस सीजन विराट कोहली के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चला। पडिक्कल ने 16 मुकाबलों में 168 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 464 रन बनाए। उन्होंने इस सीजन तीन अर्धशतक लगाए। नंबर तीन की पोजीशन पर पडिक्कल का प्रदर्शन दमदार रहा और उन्होंने आरसीबी के मध्यक्रम पर दबाव नहीं आने दिया।



# टाटा संस में चंद्रा की फिर से नियुक्ति पर 'ग्रहण', खफा है नोएल टाटा

## कई अहम मुद्दे अब भी नहीं सुलझे हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन की फिर से नियुक्ति का मामला अटक गया है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले हफ्ते हुई टाटा संस की बोर्ड मीटिंग के बाद टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा ने टाटा संस के बोर्ड को बताया कि कई अहम मुद्दे अब भी नहीं सुलझे हैं। ऐसे में एन चंद्रशेखरन की फिर से टाटा संस के चेयरमैन के तौर पर नियुक्ति पर कोई भी चर्चा जल्दबाजी होगी। सूत्रों ने आशंका जताई है कि इससे चंद्रशेखरन और टाटा के बीच गतिरोध पैदा हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक नोएल टाटा ने ग्रुप के पांच साल के स्ट्रैटजिक रोडमैड के बारे में चंद्रशेखरन से ज्यादा डिटेल देने को कहा है। साथ ही शापूरजी पलौंजी ग्रुप को बाहर करने के विकल्प और टाटा संस की लिस्टिंग के बारे में उनके रुख के बारे में भी पूछा गया है। एयर इंडिया और बिगबास्केट जैसी कंपनियों के परफॉरमेंस के साथ-साथ गवर्नेंस के मुद्दे पर भी टाटा ट्रस्ट्स और टाटा संस के बीच तनातनी चल रही है। सूत्रों का कहना है कि 26 मई को हुई बोर्ड की बैठक के अंत में कुछ



डायरेक्टर्स ने पूछा कि क्या अगली बैठक में चंद्रशेखरन की तीसरी बार नियुक्ति के मामले पर अगली बैठक में चर्चा होगी। इस पर नोएल टाटा ने कहा कि अभी इस पर चर्चा करना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि अभी कई मुद्दे अनसुलझे हैं और इन पर आगे काम करने की जरूरत है। इस मीटिंग में एयर इंडिया, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और टाटा डिजिटल के चीफ एग्जीक्यूटिव्स ने अपने बिजनेस से बारे में प्रजेंटेशन दी। सूत्रों ने कहा कि एयर इंडिया और बिगबास्केट के बारे में नोएल टाटा को व्यापक जानकारी दी गई। टाटा ने 24 फरवरी को हुई टाटा संस की बोर्ड मीटिंग में कुछ गंभीर सवाल उठाए थे। उस बैठक में चंद्रशेखरन को तीसरा कार्यकाल देने पर चर्चा को स्थगित कर दिया गया था। टाटा के सवालों का जवाब देने के लिए चंद्रशेखरन ने 26 मई को स्पेशल बोर्ड मीटिंग बुलाई थी। टाटा ट्रस्ट्स की टाटा संस में 66 फीसदी हिस्सेदारी है। एसपी ग्रुप की भी इसमें 18 फीसदी हिस्सेदारी है जिसे बेचकर वह अपना कर्ज चुकाना चाहता है। नोएल टाटा ने एयर इंडिया और बिगबास्केट को हो रहे घाटे पर चिंता जताई थी और इसे दुरुस्त करने को कहा था। टाटा संस की अगली बैठक 12 जून को होनी है जिसमें सालाना अकाउंट्स पर चर्चा होगी।

# कच्चे तेल की कीमत में फिर तेजी लेकिन दिल्ली में पेट्रोल 102 तो डीजल 95 से ऊपर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान युद्ध को शुरू हुए तीन महीने हो गए हैं। इतने दिनों में ही दुनिया भर में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के लिए त्राहिमाम् मच गया है। लेकिन अभी भी मामला सुलझता नहीं दिखता है। तभी तो सोमवार की सुबह ब्रेंट क्रूड के दाम में 1.95 फीसदी की तेजी दिखी। हालांकि, भारत में पेट्रोल-डीजल बेचने वाली सरकारी तेल कंपनियां ने आज यानी सोमवार, 1 जून 2026 को दाम में कोई बदलाव नहीं किया।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव बीतने के बाद ही पेट्रोलियम कंपनियों ने 11 दिनों में चार बार दाम बढ़ा दिए हैं। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने सबसे पहले 15 मई 2026 को पेट्रोल 3 रुपये और डीजल 3.29 पैसे महंगा किया था। इसके बाद 19 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे, 23 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे और 25 मई 2026 को पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये महंगा किया था।

**4 महानगरों में पेट्रोल का दामः** तेल कंपनियों की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में इसकी कीमत 113.51 रुपये, मुंबई में 111.21 रुपये और चेन्नई में 107.77 रुपये है। एक अनुमान के मुताबिक क्रूड ऑयल महंगा होने से सरकारी तेल कंपनियों को रोजाना पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और जेट फ्यूल पर करीब 750 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है।



### डीजल की कीमत क्या है

सरकारी ऑयल कंपनियों के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में डीजल का प्रति लीटर दाम 95.20 रुपये है। कोलकाता में यह 99.02 रुपये, मुंबई में 97.83 रुपये और चेन्नई में 99.55 रुपये प्रति लीटर है। कच्चे तेल की कीमत में हाल में काफी बढ़ोतरी हुई है। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद यह करीब 50 फीसदी महंगा हो गया है। ईरान युद्ध को शुरू हुए तीन महीने हो चुके हैं। लेकिन अभी तक यह खत्म नहीं हुआ है। पिछले सप्ताह अमन की आशा दिखी थी इसिलए उस इफ्ते क्रूड ऑयल की कीमत में भारी गिरावट आई थी। मानक ब्रेंट क्रूड के दाम तो 11 फीसदी घट गए थे। लेकिन आज फिर इसमें तेजी दिखी है।

शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 1.78 डॉलर यानी 1.95 फीसदी की तेजी के साथ 92.90 डॉलर प्रति बैरल पर कोट किया जा रहा था। डब्ल्यूटीआई क्रूड तो 2.38 फीसदी की तेजी के साथ 89.44 प्रति बैरल पर ट्रेड हो रहा था।

# सिलेंडर और गाड़ियां महंगी, पीआई, पैन और आधार के बदल गए नियम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जून का महीना अपना साथ कई नए बदलाव लेकर आया है। कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में लगातार सातवीं बार बढ़ोतरी की गई है। साथ ही हवाई यात्रा भी आज से महंगी हो सकती है क्योंकि एयर इंडिया और इंडिगो ने फ्लाइट्स की संख्या में कटौती करने की घोषणा की है। इससे अलावा यूपीआई पेमेंट, आधार और पैन से जुड़े नियमों में आज से बदलाव हो रहा है।

सरकारी तेल कंपनियों ने 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 53.50 रुपये तक की बढ़ोतरी की है। बढ़ी हुई कीमतें आज से लागू हो गई हैं। दिल्ली में इसकी कीमत अब 42 रुपये बढ़कर 3,113.50 रुपये हो गई है। कोलकाता में यह



53.50 रुपये की बढ़ोतरी के साथ 3,255.50 रुपये का हो गया है। मुंबई में कमर्शियल सिलेंडर अब 3,024 रुपये से बढ़कीर 3,067.50 रुपये का हो गया है जबकि चेन्नई में इसकी कीमत 3,237 रुपये से बढ़कर 3,283 रुपये हो गई है।

**एटीएम निकासी:** इसके अलावा, अब यूपीआई-आधारित कार्डलेस एटीएम निकासी को भी बैंक की मासिक मुफ्त निकासी सीमा में शामिल किया जाएगा। यदि ग्राहक निर्धारित मुफ्त लेनदेन की सीमा पार कर लेते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त शुल्क देना पड़ सकता है। यह नियम डेबिट कार्ड से की जाने वाली एटीएम निकासी की तरह ही लागू होगा। निर्धारित समयसीमा चूकने पर प्रति माह 1 प्रतिशत ब्याज का जुर्माना लग सकता है। इसके अलावा, इस महीने की सबसे चर्चित घटनाओं में से एक आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक होगी, जो 3 से 5 जून के बीच होने वाली है। बाजार इस बात पर बंटे हुए हैं कि क्या केंद्रीय बैंक रेपो दर में बदलाव करेगा, लेकिन मुद्रास्फीति, आर्थिक विकास और तरलता की स्थिति पर आरबीआई की टिप्पणी भी उतनी ही महत्वपूर्ण होगी। भविष्य में ब्याज दरों में कटौती या वृद्धि के किसी भी संकेत का असर आने वाले महीनों में होम लोन की ईएमआई, फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाले रिटर्न और कुल उधार लागत पर पड़ सकता है।

**विंडफॉल टैक्स में कटौती:** सरकार ने फ्यूल एक्सपोर्ट पर विंडफॉल टैक्स में कटौती की है। पेट्रोल, डीजल और एटीएफ यानी विमान ईंधन पर एक्पोर्ट ड्यूटी में कमी की गई है। यह व्यवस्था 1 जून यानी आज से शुरू हो गई है। पेट्रोल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी 3 रुपये से घटाकर 1.5 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है।

### यूपीए पेमेंट का नियम

1 जून से यूपीआई ट्रांजैक्शन से जुड़े नियम में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अगर आप जिस किसी को भी पैसे यूपीआई से ट्रांसफर करेंगे, उसका असली बैंक रजिस्टर्ड नाम आपको स्क्रीन पर दिखाई देगा। माना जा रहा है कि नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने यूपीआई से होने वाले फ्रॉड को खत्म करने के लिए यह कदम उठाया है। इसमें क्यूआर कोड़ स्कैन करते ही या मोबाइल नंबर डालते ही आपको सही व्यक्ति के बारे में पता चल जाएगा।

करदाताओं के लिए 15 जून एक महत्वपूर्ण तारीख होगी। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अग्रिम कर (एडवांस टैक्स) की पहली किस्त इसी दिन तक जमा करनी होगी। जिन लोगों की कुल टैक्स देनदारी 10,000 रुपए से अधिक है, उन्हें 15 जून तक अपने अनुमानित टैक्स का 15 प्रतिशत भुगतान करना होगा।

# रेलवे को 69,000 रुपये से भी ज्यादा का हर्जाना देना होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेलवे की प्रीमियम ट्रेन राजधानी एक्सप्रेस भी चार घंटे की देरी से दिल्ली पहुंचे तो क्या कहेंगे। कोटा के एक दंपत्ति ने इस ट्रेन से दिल्ली आने का टिकट बुक कराया था। ट्रेन के अतिशय देरी से चलने की वजह से उनकी केरल जाने वाली फ्लाइट छूट गई। उन्हें अगले दिन का टिकट भारी कीमत देकर लेना पड़ा। यात्री ने न्याय के लिए जिला उपभोक्ता फोरम का दरवाजा खटखटाया जहां से उनके पक्ष में फैसला हुआ। रेलवे ने इसकी अपील स्टेट कंज्यूमर फोरम में की। वहां से भी रेलवे को हार मिली। अब रेलवे को 69,000 रुपये से भी ज्यादा का हर्जाना देना होगा।





इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक यह वाकया है 17 दिसंबर 2017 का है। कोटा में रहने वाले अनिल कुमार राना और उनकी पत्नी अनीता राना ने उस दिन के लिए दिल्ली से त्रिवेंद्रम रूट पर एयर इंडिया की फ्लाइट बुक करायी थी। यह टिकट 9 नवंबर 2017 को ही बुक किया गया था, इसलिए सस्ती पड़ी थी। उन्हें यह टिकट 33,929 रुपये की पड़ी थी। इसके बाद 17 दिसंबर की सुबह कोटा से दिल्ली आने के लिए रेलवे की प्रीमियम ट्रेन नंबर 12431,राजधानी एक्सप्रेस में टिकट बुक कराया।

राजधानी एक्सप्रेस को कोटा से सुबह 6.55 बजे रवाना होकर दोपहर 12.40 बजे दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन में पहुंचना था। उसी दिन दिल्ली हवाई अड्डे से उनकी शाम 6.05 बजे की फ्लाइट थी। मतलब कि उनके पास पर्याप्त समय था। लेकिन यह ट्रेन चार घंटे से भी ज्यादा देरी से, शाम में 4.50 बजे निजामुद्दीन पहुंची। ट्रेन से उतर कर वे जब तक हवाई अड्डा पहुंचे, उनकी फ्लाइट जा चुकी थी।

प्लेन मिस होने के बाद कपल को रात एयरपोर्ट पर गुजारनी पड़ी। अगले दिन का उन्होंने टिकट बुक कराया जो कि 72,930 रुपये का पड़ा। मानसिक परेशानी हुई, होटल पर खर्च अलग से करना पड़ा। इतना सबकुछ करने के बाद वह अगले दिन केरल पहुंचे तो, लेकिन रेलवे की वजह से मन खट्टा हो गया। कोटा वापस आने के बाद राना ने रेलवे को मार्च और सितंबर 2018 में लिखित में रिप्रजेंटेशन दिया। उसमें रेलवे की वजह से हुए नुकसान की भरपाई की मांग की गई थी। लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593 RNI No.: DELHIN/2008/23928
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)